# डेली करेंट क्विज़

(संग्रह)



## जनवरी, 2020

दृष्टि, 641, प्रथम तल, डॉ. मुखर्जी नगर, दिल्ली-110009
फोन: 8750187501
ई-मेल: online@groupdrishti.com

## प्रश्न

1. भारतीय अर्थव्यवस्था के संदर्भ में निम्नलिखित घटकों पर विचार कीजिये:
   1. बैंक दर
   2. खुली बाज़ार कार्रवाई
   3. लोक ऋण
   4. लोक राजस्व

   उपर्युक्त घटकों में से कौन-सा/से मौद्रिक नीति से संबंधित है/हैं?

   a. केवल 1
   b. केवल 2, 3 और 4
   c. केवल 1 और 2
   d. केवल 1, 3 और 4

2. भीमा-कोरेगाँव युद्ध के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. यह युद्ध वर्ष 1718 में लड़ा गया था।
   2. यह युद्ध ईस्ट इंडिया कंपनी तथा निज़ाम के मध्य हुआ था।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

   a. केवल 1
   b. केवल 2
   c. 1 और 2 दोनों
   d. न तो 1 और न ही 2

3. एवनगार्ड मिसाइल सिस्टम के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. यह मिसाइल सिस्टम 6000 किमी. दूर स्थित लक्ष्य को सफलतापूर्वक नष्ट कर सकती है।
   2. यह लगभग 2000 किग्रा. भार के परमाणु हथियार ले जाने में सक्षम है।
   3. इस मिसाइल में स्क्रैमजेट इंजन का प्रयोग किया गया है जिससे यह MACH-27 या ध्वनि की गति से 27 गुना अधिक तेज़ गति से हमला करने में सक्षम है।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

   a. केवल 1
   b. केवल 1 और 3
   c. केवल 3
   d. 1, 2 और 3

4. हाल ही में समाचारों में दिखाई देने वाले तिब्बती गैज़ल के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. इसे गोआ-प्रोकाप्रा पिक्टीकाउडाटा (Goa-Procapra Picticaudata) के नाम से भी जाना जाता है।
   2. तिब्बती गैज़ल एंटीलोपिना उप-परिवार का सदस्य है।
   3. इसे आईयूसीएन (IUCN) की लाल सूची में निकट संकट (Near Threatened) श्रेणी में रखा गया है।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं?

   a. केवल 1 और 2
   b. केवल 2 और 3
   c. केवल 1 और 3
   d. 1, 2 और 3

नोट :

5. भारतीय रिज़र्व बैंक ने व्यापारिक बैंकों द्वारा उधार देने हेतु इस नई दर को अपनाया। यह 01 अप्रैल, 2016 से प्रभावी है। यह अवधि आधारित आंतरिक बेंचमार्क है जिसका पुनर्निर्धारण एक वर्ष या उससे कम अवधि के लिये किया जाता है। सभी बैंक प्रत्येक माह में पहले से घोषित तिथि को विभिन्न परिपक्वता अवधि वाली अपनी MCLR की समीक्षा करते हैं और उन्हें जारी करते हैं।

उपर्युक्त कथनों में निम्नलिखित में से किस उधार दर/रेट को वर्णित किया गया है?

a. आधार दर
b. सीमांत निधि लागत पर आधारित उधार दर
c. प्रधान उधार दर
d. रेपो रेट

6. ड्रेक पैसेज किन दो महासागरों को आपस में जोड़ता है?

a. अटलांटिक महासागर और हिंद महासागर
b. प्रशांत महासागर और हिंद महासागर
c. अटलांटिक महासागर और प्रशांत महासागर
d. आर्कटिक महासागर और अटलांटिक महासागर

7. वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह एक वार्षिक प्रकाशन है।
2. इसे राष्ट्रीय वित्तीय सूचना प्राधिकरण द्वारा जारी किया जाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

8. 'आकांक्षी ज़िला कार्यक्रम' से संबंधित निम्नलिखित विषयों पर विचार कीजिये:

1. स्वास्थ्य एवं पोषण
2. नागरिकों की आयु प्रत्याशा
3. शिक्षा
4. कृषि एवं जल संसाधन

उपर्युक्त विषयों में से किस/किन विषयों पर आकांक्षी ज़िला कार्यक्रम आधारित है?

a. केवल 2
b. केवल 1, 3 और 4
c. केवल 1 और 2
d. 1, 2, 3 और 4

9. मांडू उत्सव के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इस उत्सव का आयोजन भारत पर्यटन विकास निगम द्वारा किया गया।
2. इसका उद्देश्य मांडू शहर की मिश्रित ऐतिहासिक धरोहरों और संस्कृति को आधुनिक जीवंतता प्रदान करना है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही **नहीं** है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

नोट :

10. मणि एप के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों में से कौन से सही **नहीं** हैं?
   1. इस एप द्वारा मोबाइल फोन के कैमरे का उपयोग करके करेंसी नोटों को स्कैन किया जा सकता है।
   2. यह केवल अंग्रेज़ी भाषा ऑडियो आउटपुट प्रदान करता है।
   3. यह केवल ऑनलाइन मोड में काम करेगा।

   नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

   a. केवल 1 और 2
   b. केवल 2 और 3
   c. केवल 1 और 3
   d. 1, 2 और 3

11. एम सेसेशन (mCessation) कार्यक्रम के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. यह तंबाकू की आदत छुड़ाने के लिये शुरू की गई मोबाइल प्रौद्योगिकी आधारित पहल है।
   2. इस पहल की शुरुआत विश्व स्वास्थ्य संगठन तथा अंतर्राष्ट्रीय दूरसंचार संघ के सहयोग से की गई है।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

   a. केवल 1
   b. केवल 2
   c. 1 और 2 दोनों
   d. न तो 1 और न ही 2

12. वनों को काटकर कृषि योग्य भूमि तैयार करने की प्रथा जिसे स्थानांतरित कृषि अथवा झूम कृषि के नाम से भी जाना जाता है, अधिकांशत: भारत के किस क्षेत्र प्रचलित है?

   a. पंजाब
   b. दक्षिण भारत
   c. जम्मू और कश्मीर
   d. भारत के पूर्वोत्तर राज्यों में

13. निम्नलिखित में से कौन मानसून का निवर्तन को इंगित करता है?
   1. स्वच्छ आकाश
   2. बंगाल की खाड़ी में उच्च वायुदाब
   3. स्थलीय तापमान में वृद्धि

   नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

   a. केवल 1 और 3
   b. केवल 2 और 3
   c. केवल 1 और 2
   d. उपरोक्त सभी

14. वर्ष 2018 की बाघ जनगणना में मध्य-प्रदेश के बाद जनसंख्या के आधार पर निम्नलिखित में से कौन-सा राज्य दूसरे स्थान पर था?

   a. गुजरात
   b. राजस्थान
   c. महाराष्ट्र
   d. कर्नाटक

**नोट :**

15. होमो इरेक्टस के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. मानव जीनस की एक विलुप्त प्रजाति है।
2. यह आधुनिक मानव की तरह समान अंग और धड़ के अनुपात वाला पहला मानव पूर्वज है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

16. वर्ष 2014 में भूतपूर्व विधि सचिव टी.के. विश्वनाथन की अध्यक्षता में गठित समिति निम्नलिखित में किस विषय से संबंधित थी?

a. रक्षा संबंधी सुझावों से
b. विदेश नीति संबंधी सुझावों से
c. वित्तीय क्षेत्र में सुधारों से
d. रेलवे सुधारों से

17. राष्ट्रीय कंपनी कानून अपीलीय न्यायाधिकरण (NCLAT) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह व्यावसायिक मामलों के निर्णय हेतु उच्चतम न्यायालय की एक शाखा है।
2. NCLAT के निर्णयों को सर्वोच्च न्यायालय में चुनौती दी जा सकती है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

18. जम्मू-कश्मीर में एक नए सार्वजनिक अवकाश की शुरुआत की गई है। यह अवकाश निम्नलिखित में से किस तिथि को निर्धारित किया गया है?

a. 5 दिसंबर
b. 13 अप्रैल
c. 26 अक्तूबर
d. 5 अगस्त

19. क्षेत्रीय परिषदों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. क्षेत्रीय परिषदों की अध्यक्षता केंद्रीय गृहमंत्री द्वारा की जाती है।
2. संविधान में क्षेत्रीय परिषदों का उल्लेख नहीं किया गया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

20. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इन्हें भारत की पहली महिला शिक्षक के रूप में याद किया जाता है।
2. इन्होंने पुणे के भिडेवाड़ा नामक स्थान पर लड़कियों के लिये भारत के पहले विद्यालय की स्थापना की।

उपर्युक्त कथन निम्नलिखित में से किस व्यक्तित्त्व को संदर्भित करते हैं?

a. सावित्रीबाई फुले
b. अबला बोस
c. आनंदी गोपाल जोशी
d. अनसुइया साराभाई

**नोट :**

21. 'कृषि लागत एवं मूल्य आयोग' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह गन्ने के लिये उचित एवं लाभप्रद मूल्य जारी करता है।
2. इसकी स्थापना वर्ष 1965 में हुई थी।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

22. इंडिया मोबाइल कॉन्ग्रेस (IMC) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसकी स्थापना वर्ष 2017 में की गई थी।
2. हाल ही में IMC का आयोजन बंगलूरु में किया गया।
3. यह दूरसंचार क्षेत्र के समस्त भागीदारों के लिये मंच प्रदान करता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं?

a. केवल 1 और 2
b. केवल 2 और 3
c. केवल 1 और 3
d. 1, 2 और 3

23. निम्नलिखित में से किन राज्यों की झाँकियों का चयन वर्ष 2020 के गणतंत्र दिवस समारोह के लिये किया गया है?

1. आंध्र प्रदेश
2. केरल
3. गोवा
4. महाराष्ट्र

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

a. केवल 1, 2 और 4
b. केवल 1, 2 और 3
c. केवल 1 और 3
d. 1, 2, 3 और 4

24. राष्ट्रीय सड़क प्रकाश कार्यक्रम (SLNP) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इस योजना को वर्ष 2019 का CIO 100 अवार्ड प्रदान किया गया।
2. इस योजना की शुरुआत वर्ष 2015 में की गई।
3. इस योजना का उद्देश्य गाँवों में कम कीमत पर LED बल्ब उपलब्ध कराना है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं?

a. केवल 1 और 2
b. केवल 2 और 3
c. केवल 1 और 3
d. 1, 2 और 3

नोट :

25. यक्षगान के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. केरल के तटीय क्षेत्र में किया जाने वाला यह प्रसिद्ध लोकनाट्य है।
2. मूलत: यह संगीत, नृत्य, भाषण और वेशभूषा का एक समृद्ध कलात्मक मिश्रण है।
3. यक्षगान में संगीत की शैली कर्नाटक संगीत शैली से प्रभावित होती है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

a. केवल 1 और 2
b. केवल 2
c. केवल 1 और 3
d. 1, 2 और 3

26. 'ड्रोसोफिला' जीव के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह 'ड्रोसो-फिलाडे' परिवार से संबंधित होता है।
2. इसका जीनोम पूर्णरूप से अनुक्रमित होता है।
3. इसके विशिष्ट व्यवहार के कारण इसे जैविक अनुसंधान में प्रयोग नहीं किया जा सकता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं ?

a. केवल 1 और 2
b. केवल 1 और 3
c. केवल 2 और 3
d. 1, 2 और 3

27. भुगतान बैंक के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. ये बैंक एटीएम कार्ड और क्रेडिट कार्ड जारी कर सकते हैं।
2. ये अधिकतम 1 लाख रुपए तक की जमा स्वीकार सकते हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

28. ग्रेट इंडियन बस्टर्ड के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसकी औसत आयु 10 से 12 वर्ष होती है।
2. इसे वन्य जीव संरक्षण अधिनियम-1972 की अनुसूची-1 में रखा गया है।
3. इसे को अंतर्राष्ट्रीय प्रकृति संरक्षण संघ की रेड लिस्ट में संकटग्रस्त (Endangered) की श्रेणी में रखा गया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. केवल 3
d. 1, 2 और 3

नोट :

29. भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह भारत सरकार के अंतर्गत एक स्वायत्त संस्था है।
2. इसकी स्थापना वर्ष 1947 में की गई।
3. पूर्व में इस संस्था का नाम इंपीरियल काउंसिल ऑफ एग्रीकल्चरल रिसर्च था।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 1 और 2
c. केवल 2 और 3
d. केवल 1 और 3

30. राष्ट्रीय एयरोस्पेस प्रयोगशाला के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह भारत की एकमात्र सरकारी एयरोस्पेस प्रयोगशाला है।
2. इसका मुख्यालय दिल्ली में है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही **नहीं** है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

31. निम्नलिखित में से किस मामले में सर्वोच्च न्यायालय द्वारा अल्पसंख्यक वर्ग की पहचान हेतु राज्य को भी आधार बताया गया था?

a. केशवानंद भारती बनाम केरल राज्य
b. मिनर्वा मिल्स बनाम भारत संघ
c. टी.एम.ए. पाई फाउंडेशन बनाम कर्नाटक राज्य
d. पी. रथिनाम बनाम भारत संघ

32. इंडियन डेटा रिले सैटेलाइट सिस्टम (IDRSS) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह भविष्य के अंतरिक्ष कार्यक्रमों में अंतरिक्ष और इसरो के बीच संपर्क को बेहतर बनाने की एक प्रणाली है।
2. यह टेलीविज़न प्रसारण के लिये अंतरिक्ष में भेजा गया एक संचार उपग्रह है।
3. इसका उद्देश्य डेटा स्थानीयकरण में सहायता करना है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. केवल 1 और 2
d. केवल 2 और 3

33. हाइड्रोजन फ्यूल-सेल के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इस प्रणाली में जल और हाइड्रोजन को ईंधन के रूप में प्रयोग किया जाता है।
2. इस प्रणाली में उप-उत्पाद के रूप में जल का निर्माण होता है।
3. इस प्रणाली में गतिज ऊर्जा को विद्युत ऊर्जा में परिवर्तित किया जाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. केवल 1 और 2
d. केवल 2 और 3

नोट :

34. निम्नलिखित युग्मों में से कौन-सा एक सुमेलित **नहीं** है?

a. जापान - निक्की
b. अमेरिका - नैसडैक
c. शेन्जेन - चीन
d. नॉर्वे - हैंग सेंग

35. 'महादेई वन्यजीव अभयारण्य' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह कर्नाटक राज्य में स्थित है।
2. इस अभयारण्य की आधिकारिक घोषणा वर्ष 1999 में की गई थी।
3. इसे 'प्रोजेक्ट टाइगर' के तहत 'टाइगर रिज़र्व' का दर्जा दिया गया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 2
b. केवल 1 और 2
c. केवल 2 और 3
d. केवल 1 और 3

36. संविधान की आठवीं अनुसूची के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इस सूची में वर्तमान में 21 मान्यता प्राप्त भाषाओं को रखा गया है।
2. इस सूची में मूलत: मात्र 14 भाषाओं को स्थान दिया गया था।
3. इस सूची में नेपाली भाषा को वर्ष 2003 में संविधान के 92वें संशोधन के बाद शामिल किया गया।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1 और 3
b. केवल 2
c. केवल 2 और 3
d. 1, 2 और 3

37. वायुमंडलीय कार्बन जब तटीय एवं समुद्री पारितंत्रों के मैंग्रोव वन, समुद्री घास एवं अंतर्ज्वारीय लवण दलदलों में जमा हो जाते हैं तो वह कार्बन कहलाता है:

a. ग्रीन कार्बन
b. ब्लू कार्बन
c. ब्लैक कार्बन
d. ब्राउन कार्बन

38. भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसकी स्थापना वर्ष 1876 में की गई थी।
2. इसके छह प्रमुख क्षेत्रीय केंद्र हैं।
3. यह पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के अंतर्गत कार्य करता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही **नहीं** है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. केवल 1 और 2
d. केवल 1 और 3

**नोट :**

39. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. किसी समुदाय में प्रजातियों की संख्या क्षेत्र या स्थान के क्षेत्रफल के सापेक्ष घटती है।
2. पर्यावरणीय परिवर्तन के साथ ही समुदाय की प्रजातियों में वृद्धि होती है जिससे खाद्य शृंखला और जटिल हो जाती है।
3. यदि प्रजातियों में आनुवंशिक विविधता अधिक होगी तो प्रजातियों के रूप में अत्यधिक समानता पाई जाएगी।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2 और 3
c. केवल 2
d. 1, 2 और 3

40. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. एम बौना (M dwarf) तारे को लाल बौना (Red Dwarf) तारा कहा जाता है।
2. TRAPPIST-1 सौरमंडल पृथ्वी से लगभग 40 प्रकाश वर्ष दूर स्थित है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

41. हाल ही में प्रस्तावित 'ग्रीन क्रेडिट योजना' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह योजना निजी कंपनियों और ग्रामीण वन समुदायों को भूमि की पहचान करने तथा वृक्षारोपण की अनुमति नहीं देती है।
2. ग्रीन क्रेडिट योजना का विचार सर्वप्रथम महाराष्ट्र राज्य द्वारा प्रस्तुत किया गया।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

42. भारतीय कोबरा के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसका वैज्ञानिक नाम 'बुंगेरस कैरल्यूलस' है।
2. इसके जीनोम का अनुक्रमण संभव नहीं हो सका है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

43. नई एवं उभरती सामरिक प्रौद्योगिकी (NEST) प्रभाग के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसका उद्देश्य नई और उभरती प्रौद्योगिकी से संबंधित मामलों में सलाह प्रदान करना है।
2. यह वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के अंतर्गत एक स्वतंत्र प्रभाग है।
3. इसकी स्थापना वर्ष 2019 में की गई थी।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही **नहीं** है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. केवल 1 और 2
d. केवल 2 और 3

**नोट :**

44. परस्पर वैधानिक सहायता के लिये संशोधित दिशा-निर्देशों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसका उद्देश्य अपराध के प्रति शून्य सहनशीलता व शीघ्र न्याय दिलाने की व्यवस्था करना है।
2. इसके लिये विदेश मंत्रालय को नोडल मंत्रालय और केंद्रीय प्राधिकरण का दर्जा दिया गया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं ?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

45. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. नेत्रावली वन्यजीव अभयारण्य असम राज्य में स्थित है।
2. कोटिगाओ वन्यजीव अभयारण्य गोवा राज्य में स्थित है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

46. हाल ही में RBI द्वारा प्रारंभ की गई वित्तीय समावेशन हेतु राष्ट्रीय कार्यनीति की अवधि क्या है ?

a. 2020-2025
b. 2019-2024
c. 2021-2025
d. 2021-2030

47. राज्य ऊर्जा दक्षता सूचकांक 2019 के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों में से कौन-से सही **नहीं** हैं ?

1. इस सूचकांक के अंतर्गत तर्कसंगत तुलना के लिये राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को चार समूहों में बाँटा गया है।
2. हरियाणा 'फ्रंट रनर' समूह में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले राज्यों में शामिल है।
3. सूचकांक में 37 राज्यों तथा केंद्रशासित प्रदेशों को शामिल किया गया है।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

a. केवल 1 और 2
b. केवल 2 और 3
c. केवल 1 और 3
d. 1, 2 और 3

48. भारत का सर्वोच्च न्यायालय कानून या तथ्य के मामले में राष्ट्रपति को परामर्श देता है:

a. अपनी पहल पर
b. तभी जब वह ऐसे परामर्श के लिये कहता है।
c. तभी जब मामला नागरिकों के मूलभूत अधिकारों से संबंधित हो।
d. तभी जब मामला देश की एकता और अखंडता के लिये खतरा पैदा करे।

**नोट :**

49. चीनी पैडलफिश के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसका वैज्ञानिक नाम 'सेफुरुस ग्लाडिअस' है।
2. इसे वर्ष 2019 में विलुप्त घोषित कर दिया गया।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

50. सेके भाषा के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह भाषा वियतनाम में बोली जाती है।
2. यह दुनिया में लुप्तप्राय भाषाओं में से एक है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

51. भारतीय संविधान में संपत्ति के अधिकार के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह एक मौलिक अधिकार है।
2. यह एक विधिक अधिकार है।
3. 42वें संविधान संशोधन, 1978 द्वारा इसे संशोधित किया गया।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1 और 3
b. केवल 2
c. केवल 2 और 3
d. 1, 2 और 3

52. बोज्जनकोंडा तथा लिंगलामेत्ता नामक स्थान के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर चर्चा कीजिये:

1. इन स्थानों का संबंध जैन धर्म से है।
2. ये स्थान कर्नाटक में स्थित हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न ही 1 और न ही 2

53. H9N2 इन्फ्लुएंजा वायरस के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. जंगली पक्षी इस वायरस के वाहक है।
2. मनुष्यों में इसके संक्रमण का पहला मामला बांग्लादेश में सामने आया।
3. यह इन्फ्लूएंजा वायरस A का एक उप-प्रकार है।

उपर्युक्त कथनों में कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. केवल 1 और 3
d. केवल 2 और 3

नोट :

54. 'सेके' (Seke) भाषा के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. हाल ही में इस भाषा को संविधान की आठवीं अनुसूची में जोड़ा गया है।
2. अधिकतर सेके भाषी लोग नेपाल के मुस्तांग ज़िले में रहते हैं।
3. सेके भाषा को यूनेस्को की गंभीर रूप से संकटग्रस्त भाषाओं की सूची में रखा गया है।

उपर्युक्त में से कौन-से कथन सही **नहीं** हैं?

a. केवल 1 और 2
b. केवल 2 और 3
c. केवल 1 और 3
d. 1, 2 और 3

55. भारतीय लोमड़ी या बंगाल फॉक्स (Indian Fox/Bengal Fox) को IUCN की लाल सूची में किस श्रेणी में रखा गया है?

a. सुभेद्य (Vulnerable)
b. संकटग्रस्त (Endangered)
c. अतिसंकटग्रस्त (Critically Endangered)
d. कम चिंतनीय (Least Concerned)

56. काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह एक सींग वाले गैंडे के लिये प्रसिद्ध है।
2. इसे वर्ष 1965 में यूनेस्को की विश्व धरोहर स्थल की सूची में शामिल किया गया था।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न ही 1 और न ही 2

57. केंद्रीय दुर्घटना डेटाबेस प्रबंधन प्रणाली निम्नलिखित में से किन राज्यों में प्रारंभिक तौर पर लागू की जाएगी?

1. कर्नाटक
2. पंजाब
3. महाराष्ट्र
4. असम

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

a. केवल 1, 2 और 4
b. केवल 2, 3 और 4
c. केवल 1 और 3
d. केवल 2 और 4

58. इकोनॉमिस्ट इंटेलिजेंस यूनिट के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसकी स्थापना वर्ष 1946 में की गई।
2. इसका मुख्यालय लंदन में है।

उपर्युक्त कथनों में कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न ही 1 और न ही 2

नोट :

59. 'नियॉन' (NEON) नामक कृत्रिम मानव के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

    1. इसे सैमसंग कंपनी द्वारा विकसित किया गया है।
    2. यह Core R3 तकनीक पर आधारित है।

    उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

    a. केवल 1
    b. केवल 2
    c. 1 और 2 दोनों
    d. न तो 1 और न ही 2

60. शाशा समिति निम्नलिखित में से किस विषय से संबंधित है?

    a. कर सुधार
    b. सुरक्षा विश्लेषण और निवेश प्रबंधन
    c. बैंकिंग क्षेत्र सुधार
    d. जनजातीय समुदाय

61. सर्वोच्च न्यायालय की आरंभिक अधिकारिता की शक्ति के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

    1. केंद्र व एक या अधिक राज्यों के बीच उत्पन्न विवाद
    2. दो या अधिक राज्यों के बीच उत्पन्न विवाद

    उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

    a. केवल 1
    b. केवल 2
    c. 1 और 2 दोनों
    d. न तो 1 और न ही 2

62. संयुक्त राष्ट्र बाल कोष के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

    1. इसकी स्थापना वर्ष 1960 में हुई थी।
    2. इसका पूर्व नाम संयुक्त राष्ट्र अंतर्राष्ट्रीय बाल आपातकालीन कोष था।
    3. इसे अभी तक नोबल पुरस्कार नहीं मिला है।

    उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

    a. केवल 1 और 2
    b. केवल 2 और 3
    c. केवल 2
    d. 1, 2 और 3

63. द्वीप विकास एजेंसी के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

    1. इसका गठन 1 जून, 2017 को किया गया था।
    2. इसकी अध्यक्षता प्रधानमंत्री द्वारा की जाती है।

    उपर्युक्त कथनों में कौन-सा/से सही है/हैं?

    a. केवल 1
    b. केवल 2
    c. न तो 1 और न ही 2
    d. 1 और 2 दोनों

नोट :

64. गैलापागोस नेशनल पार्क स्थित है-

a. आस्ट्रेलिया
b. इक्वाडोर
c. सिंगापुर
d. फिलीपींस

65. रायसीना डायलॉग 2020 के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसकी थीम- ए वर्ल्ड रिऑर्डर: न्यू जियोमेट्री, फ्लुइड पार्टनरशिप एंड अनसर्टेन आउटकम्स है।
2. इस सम्मेलन का आयोजन विदेश मंत्रालय और ऑब्जर्वर रिसर्च फाउंडेशन के द्वारा संयुक्त रूप से किया जाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

66. ब्रू समुदाय के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह पूर्वोत्तर भारत तथा बांग्लादेश के चटगाँव पहाड़ी क्षेत्र में रहने वाला एक जनजातीय समूह है।
2. इन्हें त्रिपुरा में रिआंग (Reang) नाम से भी जाना जाता है।
3. इस समुदाय के लोग खासी भाषा बोलते हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. केवल 1 और 2
d. केवल 2 और 3

67. केंद्रीय दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत एक सांविधिक निकाय है।
2. यह अनाथ भारतीय बच्चों के पालन-पोषण, देखभाल करने एवं उन्हें गोद देने के लिये एक नोडल एजेंसी के रूप में कार्य करता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

68. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. हेनले पासपोर्ट सूचकांक 2020 में भारत के पासपोर्ट को 84वाँ स्थान प्राप्त हुआ है।
2. भारतीय सेना के पहले कमांडर-इन-चीफ सैम मानेकशॉ थे।
3. 'सक्षम 2020' पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय, भारत सरकार का वार्षिक जन केंद्रित ईंधन संरक्षण मेगा अभियान है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1 और 2
b. केवल 1 और 3
c. केवल 3
d. 1, 2 और 3

नोट :

69. नृजातीय एकता कानून के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
    1. इसे तिब्बत की पीपुल्स कॉन्ग्रेस द्वारा पारित किया गया है।
    2. यह 1 मई 2020 से प्रभावी होगा।
    उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
    a. केवल 1
    b. केवल 2
    c. 1 और 2 दोनों
    d. न तो 1 और न ही 2

70. शिक्षा की वार्षिक स्थिति रिपोर्ट, 2019 के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
    1. शिक्षा की वार्षिक स्थिति रिपोर्ट (ASER) 2019 इस शृंखला की 15वीं रिपोर्ट है।
    2. यह रिपोर्ट 0-8 वर्ष के छोटे बच्चों पर केंद्रित है।
    3. इस रिपोर्ट के अंतर्गत 24 राज्यों के 26 ज़िलों को शामिल किया गया है।
    उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं?
    a. केवल 1 और 2
    b. केवल 2 और 3
    c. केवल 1 और 3
    d. 1, 2 और 3

71. 'नेशनल ओशनिक एंड एटमोस्फियरिक एडमिनिस्ट्रेशन' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
    1. यह जापान की एक संस्था है।
    2. इसकी स्थापना वर्ष 1990 में जलवायु, मौसम, महासागरों और तटीय स्थितियों में परिवर्तन को समझने तथा उनकी भविष्यवाणी करने के उद्देश्य से की गई थी।
    उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
    a. केवल 1
    b. केवल 2
    c. 1 और 2 दोनों
    d. न तो 1 और न ही 2

72. के9 वज्र-टी के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
    1. के9 वज्र-टी 155 मिमी./52-कैलिबर की एक स्वचालित होवित्ज़र तोप है।
    2. इसे दक्षिण कोरिया की हन्व्हा टेकविन (Hanwha Techwin) और भारत की लार्सन एंड टुब्रो (L&T) द्वारा विकसित किया गया है।
    उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
    a. केवल 1
    b. केवल 2
    c. 1 और 2 दोनों
    d. न तो 1 और न ही 2

73. ज़ास्कर नदी के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
    1. यह श्योक की सहायक नदी है।
    2. इस नदी का निर्माण लुंगणक नदी और डोडा नदी के मिलने से होता है।
    उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
    a. केवल 1
    b. केवल 2
    c. 1 और 2 दोनों
    d. न तो 1 और न ही 2

नोट :

74. एमके1 तेजस के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह एक स्वदेशी लड़ाकू विमान है।
2. इसे एरोनॉटिकल डेवलपमेंट एजेंसी और हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड द्वारा संयुक्त रूप से विकसित किया गया है।
3. इसमें विमान वाहक पोत की 200 मीटर लंबी हवाई पट्टी पर उतरने एवं उड़ान भरने की क्षमता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1 और 2
b. केवल 2 और 3
c. केवल 3
d. 1, 2 और 3

75. राष्ट्रीय आपदा अनुक्रिया बल (NDRF) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसकी स्थापना वर्ष 2005 में की गई थी।
2. वर्तमान में इस संस्था में CISF, SSB एवं ITBP जैसे सुरक्षा बलों के कुछ सदस्य भी शामिल हैं।
3. NDRF की स्थापना आपदा प्रबंधन अधिनियम-2005 के तहत की गई थी।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. केवल 1 और 2
d. केवल 2 और 3

76. REDD+ के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह UNFCCC के अंतर्गत परिभाषित एक तंत्र है जो विकासशील देशों को निर्वनीकरण एवं वन निम्नीकरण में कमी द्वारा उनके उत्सर्जन कटौती के लिये प्रेरित करता है।
2. REDD+ पहलों में शामिल वन कार्बन भागीदारी सुविधा तथा वन निवेश कार्यक्रम की मेज़बानी UNDP द्वारा की जाती है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

77. भारत में मृत्यु-दंड: वार्षिक सांख्यिकी रिपोर्ट के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. वर्ष 2019 में सर्वोच्च न्यायालय द्वारा मृत्यु-दंड के 25 मामलों पर सुनवाई की गई।
2. वर्ष 2019 में सत्र न्यायालयों द्वारा 102 व्यक्तियों को मृत्यु-दंड दिया गया।
3. वर्ष 2019 में यौन अपराधों के मामलों में मृत्यु-दंड की प्रतिशतता 52.94 थी।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. केवल 1 और 2
d. केवल 2 और 3

नोट :

78. कत्थक के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. कत्थक उत्तर प्रदेश की ब्रजभूमि की रासलीला परंपरा से जुड़ा हुआ है।
2. इसे ध्रुपद एवं ठुमरी गायन के माध्यम से व्यक्त किया जाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

79. निवेश और विकास पर मंत्रिमंडलीय समिति के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इस समिति की अध्यक्षता भारत के वित्त मंत्री करते हैं।
2. इसका का गठन मई 2019 में किया गया था।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

80. नलबण पक्षी अभयारण्य के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. नलबण पक्षी अभयारण्य महाराष्ट्र में स्थित है।
2. इसे वर्ष 1998 में पक्षी अभयारण्य घोषित किया गया था।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही **नहीं** है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

81. के-4 के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह एक परमाणु बैलिस्टिक मिसाइल है जिसे अरिहंत श्रेणी की परमाणु पनडुब्बी में तैनात किया जाएगा।
2. इसकी मारक क्षमता 750 किलोमीटर है और इसे एंटी-बैलिस्टिक मिसाइल डिफेंस सिस्टम द्वारा ट्रैक नहीं किया जा सकता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

82. निम्नलिखित किन यूरिया संयंत्र/संयंत्रों का पुनरुद्धार हिंदुस्तान उर्वरक एवं रसायन लिमिटेड में से किसके द्वारा किया जा रहा है?

1. गोरखपुर यूरिया संयंत्र
2. रामागुंडम यूरिया संयंत्र
3. सिंदरी यूरिया संयंत्र
4. बरौनी यूरिया संयंत्र

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

a. केवल 1, 2 और 4
b. केवल 1, 3 और 4
c. केवल 2, 3 और 4
d. उपरोक्त सभी

**नोट :**

83. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. गोंड जनजाति भारत की सबसे बड़ी जनजाति है।
2. बैगा जनजाति विशेष रूप से कमज़ोर जनजातीय समूहों (PVTGs) में से एक है।
3. खोंड जनजाति विशेष तौर पर ओडिशा राज्य की पहाड़ियों और जंगलों में निवास करती है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1 और 2
b. केवल 1 और 3
c. केवल 3
d. 1, 2 और 3

84. हाल ही में WHO ने भारत में विकसित न्यूमोकोकल वैक्सीन को आरंभिक स्तर पर स्वीकृति दी है, इस संदर्भ में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

1. इस वैक्सीन को सी.एस.आई.आर-पुणे द्वारा विकसित किया गया है।
2. इस वैक्सीन के सभी चरणों का परीक्षण गाम्बिया में किया गया है।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

85. इरावदी डॉल्फिन के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसे IUCN की लाल सूची में संकटग्रस्त (Endangered) की श्रेणी में रखा गया है।
2. इसका प्राकृतिक वासस्थल म्याँमार की इरावदी नदी है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

86. पूर्वी घाट की निम्नलिखित पहाड़ियों को उत्तर से दक्षिण के क्रम में व्यवस्थित कीजिये:

1. पालकोंडा पहाड़ी
2. नगारी पहाड़ी
3. वेलीकोंडा पहाड़ी
4. नल्लामलाई पहाड़ी

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

a. 1, 2, 3, 4
b. 2, 3, 4, 1
c. 3, 2, 1, 4
d. 4, 3, 1, 2

87. परमाणु अप्रसार संधि के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह संधि वर्ष 1970 से प्रभावी है।
2. वर्तमान में इस संधि में 190 देश शामिल हैं।
3. भारत इस संधि का हस्ताक्षरकर्त्ता देश है।

उपर्युक्त कथनों में कौन-सा/से सही **नहीं** है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. केवल 1 और 3
d. केवल 2 और 3

88. व्यतिकारी राज्यक्षेत्र के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. व्यतिकारी राज्यक्षेत्र भारत की सीमा के बाहर स्थित ऐसे देश या क्षेत्र हैं जिनके न्यायालयों के निर्णय भारत में तथा भारत के न्यायालयों के निर्णय उस देश या क्षेत्र में पारस्परिक रूप से लागू होते हैं।
2. सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने संयुक्त अरब अमीरात को व्यतिकारी राज्यक्षेत्र घोषित किया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

89. सफेद राइनो के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसे IUCN की लाल सूची में संकटग्रस्त (Endangered) की श्रेणी में रखा गया है।
2. इसका प्राकृतिक वासस्थल अफ्रीकी महाद्वीप है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

90. रणथम्भौर राष्ट्रीय उद्यान के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. रणथम्भौर राष्ट्रीय उद्यान राजस्थान के सवाई माधोपुर ज़िले में स्थित है।
2. यह उद्यान चंबल नदी और बनास नदी द्वारा घिरा हुआ है।
3. इसे वर्ष 1973 में 'प्रोजेक्ट टाइगर' के तहत टाइगर रिज़र्व का दर्जा दिया गया।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1 और 2
b. केवल 1 और 3
c. केवल 3
d. 1, 2 और 3

नोट :

91. राष्ट्रीय स्टार्टअप सलाहकार परिषद के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसकी अध्यक्षता केंद्रीय वित्त मंत्री द्वारा की जाएगी।
2. आर्थिक कार्य विभाग का संयुक्त सचिव इस परिषद का संयोजक होगा।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

92. 'UNAIDS' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. वर्ष 2020 में इसके गोलमेज कार्यक्रम का आयोजन स्पेन में हुआ।
2. इस कार्यक्रम की थीम वीमेन, गर्ल एंड HIV थी।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

93. ज़ेनोबोट्स के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह जीवित कोशिकाओं से तैयार दुनिया का पहला रोबोट है।
2. इसका निर्माण संयुक्त राज्य अमेरिका के वैज्ञानिकों ने किया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

94. प्रगति (PRAGATI) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी पर आधारित सक्रिय शासन और सामयिक कार्यान्वयन के लिये एक बहु उद्देश्यीय मंच है।
2. इसे वर्ष 2017 में लॉन्च किया गया था।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

95. विश्व रोज़गार एवं सामाजिक दृष्टिकोण रुझान रिपोर्ट, 2020 के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह रिपोर्ट विश्व बैंक द्वारा जारी की गई है।
2. इस रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2020 में वैश्विक बेरोज़गारी में लगभग 2.5 मिलियन की वृद्धि का अनुमान है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

नोट :

96. राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसकी शुरुआत वर्ष 2018 में हुई थी।
2. यह एक 10 वर्षीय कार्यक्रम है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

97. प्लैटिपस के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसे IUCN की लाल सूची में संकटग्रस्त (Endangered) की श्रेणी में रखा गया है।
2. इसका प्राकृतिक वासस्थल दक्षिणी अमेरिका है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

98. वोल्लेमी पाइन ग्रोव के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसे IUCN की लाल सूची में संकटग्रस्त (Endangered) की श्रेणी में रखा गया है।
2. इसका प्राकृतिक वासस्थल वोल्लेमी नेशनल पार्क सिडनी है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

99. 'शेखर' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह आलू की एक नई किस्म है।
2. इसे राष्ट्रीय वनस्पति अनुसंधान संस्थान के वैज्ञानिकों ने विकसित किया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

100. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. ग्रीनपीस इंडिया द्वारा जारी एयरपोकैलिप्स रिपोर्ट के अनुसार, दिल्ली देश का सबसे प्रदूषित शहर है।
2. मिज़ोरम के लुंगलेई (Lunglei) में वायु प्रदूषण का स्तर सबसे कम है।
3. प्रदूषण निगरानी कार्यक्रम में शामिल 80 फीसदी से ज़्यादा भारतीय शहरों में पीएम-10 की मात्रा तय मानकों से अधिक है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही **नहीं** है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. केवल 1 और 2
d. केवल 2 और 3

**नोट :**

101. रूबेला के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसे जर्मन मीज़ल्स भी कहा जाता है।
2. यह एक संक्रामक रोग है जो बच्चों और युवाओं को सबसे अधिक प्रभावित करता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

102. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. ओफिचथुस कैलाशचंद्रई (Ophichthus Kailashchandrai) समुद्री ईल की एक नई प्रजाति है।
2. भारतीय प्राणी विज्ञान सर्वेक्षण (ZSI) पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के तहत एक संगठन है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

103. ज़ीरो बजट नेचुरल फार्मिंग के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह रसायन मुक्त कृषि का एक रूप है जो कृषि की पारंपरिक भारतीय प्रथाओं पर आधारित है।
2. आंध्र प्रदेश ज़ीरो बजट नेचुरल फार्मिंग की शुरुआत करने वाला देश का पहला राज्य है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

104. पश्चिमी तट के निम्नलिखित बंदरगाहों को उत्तर से दक्षिण के क्रम में व्यवस्थित कीजिये:

1. दीनदयाल बंदरगाह
2. जवाहरलाल नेहरू बंदरगाह
3. मर्मुगाओ बंदरगाह
4. न्यू मंगलौर बंदरगाह

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

a. 1, 2, 3, 4
b. 1, 2, 4, 3
c. 1, 3, 2, 4
d. 4, 3, 1, 2

105. नलबाना पक्षी अभयारण्य के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. नलबाना पक्षी अभयारण्य महाराष्ट्र में स्थित है।
2. इसे वर्ष 1998 में पक्षी अभयारण्य घोषित किया गया था।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही **नहीं** है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

नोट :

106. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:

| इंटरपोल द्वारा जारी नोटिस | | नोटिस जारी करने के कारण |
|---|---|---|
| 1. रेड नोटिस | - | संदिग्ध व्यक्ति की गिरफ्तारी हेतु |
| 2. ब्लैक नोटिस | - | अज्ञात शवों की जानकारी हेतु |
| 3. ब्लू नोटिस | - | संदिग्ध व्यक्ति के संबंध में अतिरिक्त जानकारी हेतु |

उपर्युक्त युग्मों में से कौन-से सुमेलित हैं?

a. केवल 1 और 2
b. केवल 2 और 3
c. केवल 1 और 3
d. 1, 2 और 3

107. वैश्विक प्रतिभा प्रतिस्पर्द्धा सूचकांक-2020 के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इस सूचकांक को वैश्विक आर्थिक मंच द्वारा जारी किया जाता है।
2. इस सूचकांक में भारत का 72वाँ स्थान है।
3. ब्रिक्स देशों के अंतर्गत इस सूचकांक में भारत का स्थान सबसे बेहतर है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1 और 2
b. केवल 2 और 3
c. केवल 2
d. 1, 2 और 3

108. आयकर अपीलीय अधिकरण के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह एक अर्द्ध-न्यायिक (Quasi-Judicial) संस्था है।
2. इसकी केवल तीन बेंच हैं जो दिल्ली, कोलकाता और मुंबई में स्थित हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

109. भारत निर्वाचन आयोग के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह देश में लोकसभा, राज्यसभा, राज्य विधानसभाओं, राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति के चुनाव का संचालन करता है।
2. इसका गठन 25 जनवरी, 1950 को हुआ था।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

110. दल- बदल विरोधी कानून के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह संविधान की 10वीं अनुसूची में उपबंधित है।
2. 52वें संविधान संशोधन 1985 द्वारा संविधान में इसकी व्यवस्था की गई।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

नोट :

111. भारत पर्व के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसका आयोजन केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा किया है।
2. वर्ष 2016 से 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' के दृष्टिकोण के साथ इसका आयोजन किया जा रहा है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

112. नट्रीअल्बा स्वरुपिए के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह आर्किया नामक सूक्ष्मजीव की नई किस्म है।
2. इसकी खोज नेशनल सेंटर फॉर माइक्रोबियल रिसोर्स के वैज्ञानिकों द्वारा की गई है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही **नहीं** है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

113. निम्नलिखित में से किन झीलों का संबंध कर्नाटक राज्य से है?

1. कुंडवाड़ा झील
2. कोंडाजजी झील
3. जरागनाहल्ली झील
4. कोडाइकनाल झील
5. पुलिकट झील

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

a. केवल 1, 2 और 5
b. केवल 2, 3 और 4
c. केवल 1, 2 और 3
d. केवल 1, 3 और 4

114. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. भारत आधरित न्यूट्रिनो वेधशाला महाराष्ट्र में स्थापित की जा रही है।
2. न्यूट्रिनो का नामकरण पॉउली नामक वैज्ञानिक ने किया था।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

नोट :

115. ट्रेडमार्क के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह किसी आविष्कार के लिये दिया जाने वाला विशेष अधिकार है।
2. ट्रेडमार्क का स्वामित्त्व केवल व्यावसायिक संगठनों के पास होता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही **नहीं** है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

116. निम्नलिखित में से कौन गन्ने के उचित एवं लाभप्रद मूल्य का अनुमोदन करता/करती है?

a. आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति
b. कृषि लागत और कीमत आयोग
c. कृषि मंत्रालय का विपणन और निरिक्षण निदेशालय
d. कृषि उत्पादन विपणन समिति

117. एंटी-सैटेलाइट मिसाइल के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसका परीक्षण मिशन शक्ति के अंतर्गत किया गया था।
2. भारत इस प्रकार की क्षमता हासिल करने वाला दुनिया का पाँचवां देश है।
3. इसके द्वारा अंतरिक्ष में पृथ्वी की निचली कक्षा में स्थित माइक्रोसैट– R उपग्रह को निशाना बनाया गया था।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं?

a. केवल 1 और 2
b. केवल 2 और 3
c. केवल 1 और 3
d. 1, 2 और 3

118. ताडोबा-अंधारी टाइगर रिज़र्व के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह भारत के कर्नाटक राज्य में स्थित है।
2. इसे वर्ष 1995 में टाइगर रिज़र्व का दर्जा दिया गया था।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

119. ऑपरेशन अलबेरिख के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसे प्रथम विश्व युद्ध के दौरान जर्मनी द्वारा मित्र राष्ट्रों के खिलाफ चलाया गया था।
2. इसका संबंध जर्मनी-फ्राँस के मध्य खींची गई हिंडनबर्ग लाइन से है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

**नोट :**

120. मिस्र की भौगोलिक अवस्थिति के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसकी भौगोलिक सीमाएँ इज़राइल, सूडान, लीबिया और चाड देशों से मिलती हैं।
2. यहाँ दुनिया की सबसे लंबी नील नदी बहती है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

121. गतका के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह सिख धर्म से संबंधित एक पारंपरिक मार्शल आर्ट है।
2. इसमें तलवारों का अनुकरण करने से पहले लकड़ी के डंडे से प्रशिक्षण लिया जाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न ही 1 और न ही 2

122. एशियाई चीता के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. एशियाई चीता को IUCN की रेड लिस्ट में 'गंभीर संकटग्रस्त' श्रेणी में रखा गया है।
2. भारत सरकार ने वर्ष 1951-52 में आधिकारिक रूप से चीता को भारत से विलुप्त घोषित किया था।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न ही 1 और न ही 2

123. हाल ही में चर्चा में कोरोनावायरस के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसे 2019-nCoV नाम दिया गया है।
2. MERS Cov का संक्रमण चीन में पहली बार देखा गया।
3. SARS CoV का संक्रमण वर्ष सऊदी अरब में पहली बार देखा गया।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नही है/हैं ?

a. केवल 1
b. केवल 2 और 3
c. केवल 3
d. 1, 2 और 3

124. नागरिकता अधिनियम, 1955 के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसमें नागरिकता प्राप्त करने की 5 शर्तों का उल्लेख है।
2. इसमें नागरिकता समाप्ति के तीन आधार बताए गए हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही **नहीं** है/हैं ?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

नोट :

125. द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान निम्नलिखित में से कौन-से देश मित्र राष्ट्रों में शामिल थे?

1. ऑस्ट्रेलिया
2. कनाडा
3. न्यूज़ीलैंड
4. जापान

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

a. केवल 1, 2 और 3
b. केवल 1, 3 और 4
c. केवल 2, 3 और 4
d. 1, 2, 3 और 4

126. थ्रू द वाल रडार के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसे इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस (IISc) के शोधकर्त्ताओं ने विकसित किया है।
2. यह संपूरक धातु ऑक्साइड सेमीकंडक्टर (CMOS) तकनीक पर आधारित है।
3. इसका निर्माण भारत सरकार के इंप्रिंट (IMPRINT) कार्यक्रम के तहत विकसित किया गया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं?

a. केवल 1 और 2
b. केवल 2 और 3
c. केवल 1 और 3
d. 1, 2 और 3

127. नागोबा जात्रा के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसका संबंध ब्रू जनजाति से है।
2. यह एक आदिवासी त्योहार है जो तेलंगाना राज्य के आदिलाबाद ज़िले में मनाया जाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

128. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. ऑपरेशन वनीला का संबंध मेडागास्कर में चक्रवात डायने से प्रभावित लोगों को सहायता और राहत उपलब्ध कराने से है।
2. मेडागास्कर, हिंद महासागर रिम एसोसिएशन (IORA) का भी सदस्य है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

नोट :

129. एवनगार्ड मिसाइल के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह सुपरसोनिक श्रेणी की मिसाइल प्रणाली है।
2. यह 6000 किमी. दूर स्थित लक्ष्य को सफलतापूर्वक नष्ट कर सकता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

130. कर्नाटक के 'अमानवीय प्रथाओं और काला जादू की रोकथाम और उन्मूलन अधिनियम, 2017' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इस अधिनियम में धार्मिक स्थानों पर किये जाने वाले वास्तु, ज्योतिष संबंधी कार्यों को प्रतिबंधित किया गया है।
2. इस अधिनियम के तहत कुल 16 प्रथाओं पर प्रतिबंध लगाया गया है।
3. 'मदे स्नान' की प्रक्रिया को इस अधिनियम के तहत स्वैच्छिक कर दिया गया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही **नहीं** है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2 और 3
c. केवल 3
d. 1, 2 और 3

131. बजट के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. संविधान के अनुच्छेद 112 में बजट संबंधी प्रावधान है।
2. बजट संसद के उच्च सदन में वित्त मंत्री द्वारा प्रस्तुत किया जाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

132. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:

1. जैमिनी साउथ, सेर्रो टोलोलो इंटर अमेरिकन ऑब्जर्वेटरी - अर्जेंटीना
2. एलबीटी, माउंट ग्रैहम ऑब्जर्वेटरी - संयुक्त राज्य अमेरिका
3. डेनियल के. इनौय सोलर टेलीस्कोप - फ्राँस

उपर्युक्त युग्मों में से कौन-सा/से सही सुमेलित है/हैं?

a. केवल 1 और 2
b. केवल 2 और 3
c. केवल 2
d. 1, 2 और 3

**नोट :**

133. सम्प्रीति–2020 के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह भारत और नेपाल के बीच संयुक्त सैन्य अभ्यास है।
2. इसकी शुरुआत वर्ष 2009 में हुई थी।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

134. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. भुवन पंचायत पोर्टल पंचायती राज मंत्रालय की ग्राम पंचायत विकास योजना प्रक्रिया में सहायता करने के लिये भू-स्थानिक सेवाएँ प्रदान करेगा।
2. भारत की पहली फ्रूट ट्रेन को आंध्र प्रदेश के ताड़िपत्री (Tadipatri) रेलवे स्टेशन से जवाहरलाल नेहरू पोर्ट (मुंबई) के लिये रवाना किया गया।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

135. संयुक्त राष्ट्र बाल कोष (UNICEF) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसकी स्थापना संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा वर्ष 1946 में की गई थी।
2. इसका मुख्यालय जिनेवा में स्थित है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

## व्याख्या

**1. (c)**

**व्याख्या:**

- मौद्रिक नीति के घटकों में रेपो दर, रिवर्स रेपो दर, नकद आरक्षित अनुपात, सीमांत स्थायी सुविधा, बैंक दर, खुली बाज़ार कार्रवाई, सांविधिक तरलता अनुपात शामिल होते हैं। **अतः विकल्प C सही है।**

**2. (d)**

**व्याख्या:**

- 1 जनवरी, 1818 को ब्रिटिश ईस्ट इंडिया की 500 सैनिकों की एक छोटी कंपनी, जिसमें ज़्यादातर सैनिक महार समुदाय से थे, ने पेशवा शासक बाजीराव द्वितीय की लगभग 28,000 हज़ार सैनिकों वाली सेना को लगभग 12 घंटे तक चले युद्ध में पराजित किया था। **अतः कथन 1 और 2 सही नहीं हैं।**

नोट :

3. (d)

**व्याख्या:**

- एवनगार्ड मिसाइल सिस्टम दो हिस्सों से मिलकर बना है जिसमें हमलावर मिसाइल को एक अन्य बैलिस्टिक मिसाइल पर री-एंट्री बॉडी की तरह ले जाया जाता है।
- यह मिसाइल हमले से पूर्व के अंतिम क्षणों में तेज़ी से अपना मार्ग बदले में सक्षम है जिसके कारण इसके लक्ष्य का पूर्वानुमान लगाना और इसे निष्क्रिय करना लगभग असंभव है।
- यह मिसाइल सिस्टम 6000 किमी. दूर स्थित लक्ष्य को सफलतापूर्वक नष्ट कर सकता है और लगभग 2000 किग्रा. भार के परमाणु हथियार ले जाने में सक्षम है। **अत: कथन 1 और 2 सही हैं।**
- इसके साथ ही यह मिसाइल 2000°C तक तापमान सहन कर सकती है।
- इस मिसाइल में स्क्रैमजेट इंजन का प्रयोग किया गया है जिससे यह MACH-27 या ध्वनि की गति से 27 गुना अधिक तेज़ गति से हमला करने में सक्षम है। **अत: कथन 3 सही है।**
- औपचारिक अनावरण से पहले इसे "Project 4202" के नाम से भी जाना जाता था।
- मार्च 2018 में रूसी राष्ट्रपति ने घोषणा की थी कि रूस अगली पीढ़ी की मिसाइलों का परीक्षण कर रहा है। एवनगार्ड भी इसी कार्यक्रम का हिस्सा है।

4. (d)

**व्याख्या:**

- इसे गोआ-प्रोकाप्रा पिक्टीकाउडाटा (Goa-Procapra Picticaudata) के नाम से भी जाना जाता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- तिब्बती गैज़ल एंटीलोपिना उप-परिवार (Antilopinae Sub-family) का सदस्य है। **अत: कथन 2 सही है।**
- यह मृग की एक प्रजाति है जो तिब्बत के पठारी क्षेत्र में समुद्र तल से 4000-5500 मीटर की ऊँचाई पर निवास करती है।
- इसकी एक छोटी आबादी दक्षिणी और दक्षिण-पूर्वी लद्दाख के भारतीय चांगथांग एवं उत्तरी सिक्किम के गुरुडोंगमार-त्सो ल्हामो पठार में पाई जाती है।
- इसे आईयूसीएन (IUCN) की लाल सूची में निकट संकट (Near Threatened) श्रेणी में रखा गया है। **अत: कथन 3 सही है।**

5. (b)

**व्याख्या:** भारतीय रिज़र्व बैंक ने व्यापारिक बैंकों द्वारा उधार देने हेतु सीमांत निधि लागत पर आधारित उधार दर को अपनाया। यह 01 अप्रैल, 2016 से प्रभावी है। यह अवधि आधारित आंतरिक बेंचमार्क है जिसका पुनर्निर्धारण एक वर्ष या उससे कम अवधि के लिये किया जाता है। सभी बैंक प्रत्येक माह में पहले से घोषित तिथि को विभिन्न परिपक्वता अवधि वाली अपनी MCLR की समीक्षा करते हैं और उन्हें जारी करते हैं।

6. (c)

**व्याख्या:**

- ड्रेक पैसेज दक्षिण अमेरिका के दक्षिणतम बिंदु केप हॉर्न (Cape Horn) तथा पश्चिमी अंटार्कटिक प्रायद्वीप के मध्य स्थित है। यह पूर्व में अटलांटिक महासागर तथा पश्चिम में प्रशांत महासागर को आपस में जोड़ता है। **अत: विकल्प (c) सही है।**

7. (d)

**व्याख्या:**

- वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट (FSR) एक अर्द्धवार्षिक प्रकाशन है जो भारत की वित्तीय प्रणाली की स्थिरता का समग्र मूल्यांकन प्रस्तुत करती है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- इसे भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) द्वारा प्रकाशित किया जाता है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

नोट :

8. ( b )

**व्याख्या:**

- आकांक्षी ज़िला कार्यक्रम मुख्यत: पाँच विषयों (1) स्वास्थ्य एवं पोषण (2) शिक्षा (3) कृषि एवं जल संसाधन (4) वित्तीय समावेश एवं कौशल विकास (5) बुनियादी आधारभूत ढाँचे पर केंद्रित है। **अत: विकल्प ( b ) सही है।**

9 ( a )

**व्याख्या:**

- मध्य प्रदेश के मांडू शहर में 28 दिसंबर, 2019 से 1 जनवरी, 2020 तक मांडू महोत्सव के पहले संस्करण का आयोजन किया गया। मांडू उत्सव का आयोजन मध्य प्रदेश पर्यटन बोर्ड द्वारा किया गया। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- इसका उद्देश्य मांडू शहर की मिश्रित ऐतिहासिक धरोहरों और संस्कृति को आधुनिक जीवंतता प्रदान करना है। **अत: कथन 2 सही है।**
- मांडू उत्सव "खोजने में खो जाओ" (Khojne Me Kho Jao) के विचार पर आधारित था।

10. ( b )

**व्याख्या:**

- भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) ने करेंसी नोटों के मूल्य की पहचान करने में मदद के उद्देश्य से दृष्टिबाधित लोगों के लिये एक मोबाइल एप 'मोबाइल एडेड नोट आइडेंटिफ़ायर' (Mobile Aided Note Identifier- MANI) लॉन्च किया है।
- इस एप्लीकेशन द्वारा मोबाइल फोन के कैमरे का उपयोग करके करेंसी नोटों को स्कैन किया जा सकता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- यह एप्लीकेशन हिंदी और अंग्रेज़ी में ऑडियो आउटपुट भी प्रदान करता है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- यह एप्लिकेशन एंड्रॉइड (Android) और आईओएस (iOS) ऑपरेटिंग सिस्टम पर काम करेगा। एक बार इंस्टॉल होने के बाद यह ऑफलाइन मोड में काम करेगा। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

11. ( c )

**व्याख्या:**

- एम सेसेशन (mCessation), तंबाकू छुड़ाने के लिये मोबाइल प्रौद्योगिकी पर आधारित एक पहल है। **अत: कथन 1 सही है।**
- केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय (Ministry of Health and Family Welfare) ने WHO एवं अंतर्राष्ट्रीय दूरसंचार संघ (International Telecommunication Union) के सहयोग से इस पहल को शुरू किया है। **अत: कथन 2 सही है।**

12.( d )

**व्याख्या:**

- झूम कृषि के तहत पहले वृक्षों तथा वनस्पतियों को काटकर उन्हें जला दिया जाता है। इसके बाद साफ की गई भूमि की पुराने उपकरणों (लकड़ी के हलों आदि) से जुताई करके बीज बो दिये जाते हैं। फसल पूर्णत: प्रकृति पर निर्भर होती है और उत्पादन बहुत कम हो पाता है। कृषि का यह तरीका अरुणाचल प्रदेश, नगालैंड, मिज़ोरम, मेघालय, त्रिपुरा और मणिपुर जैसे भारत के पूर्वोत्तर राज्यों प्रचलित है। **अत: विकल्प ( d ) सही है।**

13.( d )

**व्याख्या:**

- मानसून के निवर्तन के समय सितंबर के अंत में सूर्य का दक्षिणायन प्रारंभ हो जाता है फलत: गंगा के मैदान पर निर्मित निम्न वायुदाब की पेटी भी दक्षिण की ओर खिसकना आरंभ कर देती है, जिसके कारण 'दक्षिण-पश्चिम मानसून' कमज़ोर पड़ने लगता है और दिसंबर के मध्य तक आते-आते निम्न वायुदाब का केंद्र भारतीय उपमहाद्वीप से पूरी तरह हट चुका होता है।
- मानसून निवर्तन के समय आकाश स्वच्छ हो जाता है और स्थल पर तापमान बढ़ने लगता है तथा बंगाल की खाड़ी में उच्च वायुदाब का विकास होता है। **अत: विकल्प ( d ) सही है।**

नोट :

14. ( d )

**व्याख्या:**

- जुलाई 2019 में ऑल इंडिया टाइगर इंडेक्स-2018 शीर्षक से जारी बाघ जनगणना के अनुसार भारतीय के मध्य प्रदेश राज्य में 526, जबकि कर्नाटक राज्य में बाघों की संख्या 524 दर्ज की गई। **अतः विकल्प ( d ) सही है।**

15. ( c )

**व्याख्या:**

- होमो इरेक्टस (सीधा आदमी- Upright Man) मानव ज़ीनस (Human Genus-Homo) की एक विलुप्त प्रजाति है। होमो इरेक्टस के शरीर का आकार आधुनिक मानव के समान था और यह आधुनिक मानव की तरह समान अंग और धड़ के अनुपात वाला पहला मानव पूर्वज है। इससे पता चलता है कि यह पेड़ की शाखाओं पर झूलने के बजाय अधिक खुले मैदानों में दो पैरों पर चलता था। इसके मस्तिष्क का आकार लगभग 550-1250 क्यूबिक सेंटीमीटर, ऊँचाई 1.4-1.8 मीटर तथा वजन 45-61 किलोग्राम होने का अनुमान लगाया जाता है। **अतः कथन 1 और 2 दोनों सही हैं।**

16. ( c )

**व्याख्या:**

- अगस्त 2014 में डॉ. टी. के. विश्वनाथन (पूर्व कानून सचिव) की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय दिवालियापन कानून सुधार समिति (BLRC) की स्थापना की थी। इस समिति ने कंपनियों और उनकी वित्तीय गतिविधियों से संबंधित पुरानी प्रणाली को आधुनिक बनाने के लिये नए संस्थानों और संरचनाओं का सुझाव देते हुए नवंबर 2015 में अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की थी। **अतः विकल्प ( c ) सही है।**

17. ( b )

**व्याख्या:**

- राष्ट्रीय कंपनी कानून अपीलीय न्यायाधिकरण एक अर्द्ध-न्यायिक निकाय है जो कंपनियों से संबंधित विवादों का निर्णय करता है। यह राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण के आदेशों के विरुद्ध अपीलों की सुनवाई का काम करता है। NCLAT के आदेशों को 60 दिनों के अंदर सर्वोच्च न्यायालय में चुनौती दी जा सकती है। **अतः कथन 1 सही नहीं है, जबकि कथन 2 सही है।**

18. ( c )

**व्याख्या:**

- सरकार ने जम्मू-कश्मीर में 26 अक्तूबर को एक नए सार्वजनिक अवकाश की शुरुआत की है, गौरतलब है कि यह अवकाश 26 अक्तूबर 1947 को जम्मू-कश्मीर के पूर्व राज्य के भारतीय डोमिनियन में प्रवेश के उपलक्ष्य में दिया जा रहा है। **अतः विकल्प ( c ) सही है।**

19.( c )

**व्याख्या:**

- क्षेत्रीय परिषदों की अध्यक्षता केंद्रीय गृहमंत्री द्वारा की जाती है। **अतः कथन 1 सही है।**
- राज्य पुनर्गठन अधिनियम, 1956 के भाग-III के तहत पाँच क्षेत्रीय परिषदें स्थापित की गई थी। संविधान में क्षेत्रीय परिषदों का उल्लेख नहीं किया गया है। **अतः कथन 2 सही है।**

20.( a )

**व्याख्या:**

- सावित्रीबाई फुले को उनकी उपलब्धियों के कारण उन्हें विशेष रूप से भारत की पहली महिला शिक्षक के रूप में याद किया जाता है। सावित्रीबाई फुले भारत के पहले बालिका विद्यालय की प्राचार्य बनीं थी। उन्होंने अपने पति ज्योतिराव फुले के सहयोग से वर्ष 1848 में पुणे में भिडेवाडा नामक स्थान पर लड़कियों के लिये भारत का पहला विद्यालय खोला। **अतः विकल्प ( a ) सही है।**

नोट :

21 (b)

व्याख्या:

- गन्ने के लिये 'उचित एवं लाभप्रद मूल्य' निर्धारण का अनुमोदन आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति द्वारा किया जाता है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- कृषि लागत एवं मूल्य आयोग भारत सरकार के कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय का एक संलग्न कार्यालय है। यह आयोग जनवरी 1965 में अस्तित्व में आया। **अत: कथन 2 सही है।**

22. (c)

व्याख्या:

- IMC की स्थापना वर्ष 2017 में की गई। **अत: कथन 1 सही है।**
- इसका आयोजन प्रति वर्ष नई दिल्ली में किया जाता है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- प्रतिवर्ष यह मंच दूर-संचार क्षेत्र की कंपनियों, नीति निर्धारकों, नियामकों और अकादमिक क्षेत्र के प्रतिनिधि इत्यादि को एक साथ लाकर इस क्षेत्र के भविष्य की रूपरेखा निर्धारित करने में सहयोग करता है। **अत: कथन 3 सही है।**

23 (c)

व्याख्या:

- वर्ष 2020 के गणतंत्र दिवस समारोह में झाँकियों के प्रस्तुतीकरण के लिये आंध्र प्रदेश, असम, छत्तीसगढ़, गोवा, गुजरात, हिमाचल प्रदेश, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, मेघालय, ओडिशा, पंजाब, राजस्थान, तमिलनाडु, तेलंगाना और उत्तर प्रदेश राज्य के साथ नवनिर्मित जम्मू-कश्मीर केंद्रशासित प्रदेश के आवेदन को स्वीकार किया गया है। **अत: विकल्प (c) सही है।**

24.(a)

व्याख्या:

- SLNP की शुरुआत 5 जनवरी, 2015 को की गई थी। इस योजना में सूचना प्रौद्योगिकी (IT) के अभिनव प्रयोग और योजना के सफल व्यावसायिक परिणामों के लिये इसे वर्ष 2019 का CIO 100 अवार्ड प्रदान किया गया था। **अत: कथन 1 और 2 सही हैं।**
- उजाला योजना के माध्यम से पूरे देश में बहुत ही कम कीमत पर 36.13 करोड़ से अधिक LED बल्ब वितरित किये गए। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

25.(b)

व्याख्या:

- कर्नाटक के तटीय क्षेत्र में किया जाने वाला यह प्रसिद्ध लोकनाट्य है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- यह संगीत, नृत्य, भाषण और वेशभूषा का एक समृद्ध कलात्मक मिश्रण है, इस कला में संगीत नाटक के साथ-साथ नैतिक शिक्षा और जन मनोरंजन जैसी विशेषताओं को भी महत्त्व दिया जाता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- इसमें संगीत की अपनी शैली होती है जो भारतीय शास्त्रीय संगीत 'कर्नाटक' और 'हिन्दुस्तानी' शैली दोनों से अलग है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

26. (a)

व्याख्या:

- यह 'ड्रोसो-फिलाडे' (Droso–philidae) परिवार से संबंधित है तथा इसे फ्रूट, सिरका (Vinegar), शराब (Wine) या पोमेस (Pomace) फ्लाई भी कहा जाता है क्योंकि यह इन पदार्थों पर विचरण करता रहता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- ड्रोसोफिला एक ऐसा जीव है जिसका जीनोम पूरी तरह से अनुक्रमित (Sequenced) होता है और इसके जैव रसायन, शरीर क्रिया विज्ञान (Physiology) और व्यवहार के बारे में व्यापक जानकारी उपलब्ध है। **अत: कथन 2 सही है।**
- ड्रोसोफिला पिछले 100 वर्षों के दौरान दुनिया भर में जैविक अनुसंधान के क्षेत्र में व्यापक रूप से प्रयोग किये जाने वाले और पसंदीदा प्रतिरूप जीवों में से एक है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

नोट :

**27. (b)**

**व्याख्या:**

- भुगतान बैंक एटीएम/डेबिट कार्ड तो जारी कर सकते हैं किंतु क्रेडिट कार्ड जारी नहीं कर सकते। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- ये बैंक प्रत्येक ग्राहक से अधिकतम 1 लाख रुपए की जमा स्वीकार कर सकते हैं। **अतः कथन 2 सही है।**

**28. (b)**

**व्याख्या:**

- ग्रेट इंडियन बस्टर्ड का औसत जीवन आयु 15 से 16 वर्ष होती है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- ग्रेट इंडियन बस्टर्ड को वन्य जीव संरक्षण अधिनियम-1972 की अनुसूची-1 में रखा गया है। **अतः कथन 2 सही है।**
- ग्रेट इंडियन बस्टर्ड को अंतर्राष्ट्रीय प्रकृति संरक्षण संघ की रेड लिस्ट में गंभीर खतरे (Critically Endangered) की सूची में रखा गया है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**29. (d)**

**व्याख्या:**

- ICAR कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग, कृषि मंत्रालय, भारत सरकार के तहत एक स्वायत्त संस्था है। **अतः कथन 1 सही है।**
- इसकी स्थापना 16 जुलाई, 1929 को की गई। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- ICAR की स्थापना इंपीरियल काउंसिल ऑफ एग्रीकल्चरल रिसर्च के नाम से हुई थी। **अतः कथन 3 सही है।**

**30. (b)**

**व्याख्या:**

- राष्ट्रीय एयरोस्पेस प्रयोगशाला (National Aerospace Laboratory) देश के नागरिक क्षेत्र में अनुसंधान एवं विकास को बढ़ावा देने वाली भारत की पहली बड़ी और एकमात्र सरकारी एयरोस्पेस प्रयोगशाला है। **अतः कथन 1 सही है।**
- इसे वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद (Council of Scientific and Industrial Research-CSIR) द्वारा वर्ष 1959 में दिल्ली में स्थापित किया गया था।
- इसके मुख्यालय को वर्ष 1960 में बंगलुरू स्थानांतरित कर दिया गया था। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

**31. (c)**

**व्याख्या:**

- टी.एम.ए. पाई फाउंडेशन बनाम कर्नाटक राज्य, 2002 मामले में सर्वोच्च न्यायालय द्वारा अल्पसंख्यक वर्ग की पहचान हेतु दो आधार बताए गए थे- राष्ट्रीय व प्रांतीय। **अतः विकल्प (c) सही है।**

**32.(a)**

**व्याख्या:**

- इंडियन डेटा रिले सैटेलाइट सिस्टम (Indian Data Relay Satellite System-IDRSS) दो उपग्रहों से मिलकर बना है। इसका उद्देश्य विभिन्न उपग्रहों के बीच डेटा का आदान-प्रदान कर भविष्य के अंतरिक्ष कार्यक्रमों में अंतरिक्ष और इसरो के बीच संपर्क को बेहतर बनाना है।
- इस प्रणाली का उद्देश्य अंतरिक्ष में उपग्रहों के साथ संचार करने में इसरो की सहायता करना है। **अतः कथन 1 सही है।**
- यह प्रणाली इसरो को अंतरिक्ष प्रक्षेपणों की निगरानी करने में मदद के साथ इसरो की भविष्य की योजनाओं को नई शक्ति प्रदान करेगी।
- इस प्रणाली द्वारा पृथ्वी की निकटतम कक्षा (Lower Earth Orbit-LEO) के कार्यक्रमों जैसे-स्पेस डॉकिंग (Space Docking), स्पेस स्टेशन तथा अन्य बड़े अभियानों जैसे- चंद्रयान, मंगल मिशन आदि में सहायता प्राप्त होगी। **अतः कथन 2 और 3 सही नहीं हैं।**

नोट :

**33. (b)**

**व्याख्या:**

- हाइड्रोजन फ्यूल-सेल में ईंधन के रूप में हाइड्रोजन का प्रयोग होता है परंतु जल का नहीं। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- हाइड्रोजन फ्यूल-सेल प्रणाली में उप-उत्पाद के रूप में जल का निर्माण होता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- इस प्रणाली में रासायनिक ऊर्जा को विद्युत ऊर्जा में परिवर्तित किया जाता है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**34. (d)**

**व्याख्या:**

- उपर्युक्त युग्म देशों तथा उनके शेयर बाज़ारों से संबंधित है। नॉर्वे का शेयर बाज़ार ओस्लो है, हॉन्गकॉन्ग का शेयर बाज़ार हैंग सेंग है। **अत: विकल्प (d) सही सुमेलित नहीं है।**

**35. (a)**

- महादेई वन्यजीव अभयारण्य गोवा राज्य के उत्तरी गोवा ज़िले में स्थित है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम 1972 के तहत इस अभयारण्य की आधिकारिक घोषणा वर्ष 1999 में की गई थी। **अत: कथन 2 सही है।**
- इस अभयारण्य में बंगाल टाइगर की उपस्थिति के कारण इसे 'प्रोजेक्ट टाइगर' के अंतर्गत 'टाइगर रिज़र्व' बनाने का प्रस्ताव है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**36.(b)**

**व्याख्या:**

- भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूची में वर्तमान में 22 मान्यता प्राप्त भाषाओं को रखा गया है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- इस सूची में मूलत: मात्र 14 भाषाओं को ही स्थान दिया गया था। **अत: कथन 2 सही है।**
- इस सूची में नेपाली भाषा को वर्ष 1992 में संविधान के 71वें संशोधन के बाद शामिल किया गया। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**37. (b)**

**व्याख्या:**

- वायुमंडलीय कार्बन जब तटीय एवं समुद्री पारितंत्रों के मैंग्रोव वन, समुद्री घास एवं अंतर्ज्वारीय लवण दलदलों में जमा हो जाते हैं तो वह 'ब्लू कार्बन' कहलाता है। **अत: विकल्प (b) सही है।**

**38. (d)**

**व्याख्या:**

- भारतीय मौसम विज्ञान विभाग की स्थापना वर्ष 1875 में की गई थी। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- IMD के छह प्रमुख क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र हैं, जो क्रमश: चेन्नई, गुवाहाटी, कोलकाता, मुंबई, नागपुर, नई दिल्ली में स्थित है। **अत: कथन 2 सही है।**
- भारतीय मौसम विज्ञान विभाग पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के अंतर्गत कार्यरत एक प्रमुख एजेंसी है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**39.(c)**

**व्याख्या:**

- ध्यातव्य है कि प्रजातीय विविधता का तात्पर्य पारिस्थितिकी तंत्र में जीव-जंतुओं और वनस्पतियों के समुदायों की प्रजातियों में विविधता से है तथा प्रजाति विविधता किसी समुदाय में प्रजाति की विभिन्न किस्मों को बताती है। किसी समुदाय में प्रजातियों की संख्या क्षेत्र या स्थान के क्षेत्रफल के सापेक्ष बढ़ती है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- पर्यावरणीय परिवर्तन के साथ ही समुदाय की प्रजातियों में भी परिवर्तन होता है जिससे प्रजातियों की संख्या में वृद्धि होती है इसके परिणामस्वरूप खाद्य श्रृंखला और जटिल हो जाती है। खाद्य श्रृंखला की जटिलता जैव विविधता का आवश्यक तत्त्व है। **अत: कथन 2 सही है।**

नोट :

- आनुवंशिक विविधता का आशय किसी समुदाय की एक ही प्रजाति के जीवों के जीन में होने वाले परिवर्तन से है। प्रजातियों में आनुवंशिक विविधता जितनी अधिक होगी उनके बीच समानता उतनी ही कम होगी अर्थात् आनुवंशिक विविधता कम होने के साथ ही जीवों में समानता बढ़ती है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**40. (c)**

**व्याख्या:**

- एम बौना (M dwarf) तारे को लाल बौना (Red Dwarf) तारा भी कहा जाता है। यह एक छोटा तारा है। इसका द्रव्यमान सूर्य के द्रव्यमान का लगभग 8-50 % तक होता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- TRAPPIST-1 सौरमंडल पृथ्वी से लगभग 40 प्रकाश वर्ष दूर स्थित है, इसमें सात ग्रह क्रमशः TRAPPIST-1 b, c, d, e, f, g, h हैं। इन ग्रहों का आकार पृथ्वी के समान है। **अतः कथन 2 सही है।**

**41. (d)**

**व्याख्या:**

- प्रस्तावित योजना निजी कंपनियों और ग्रामीण वन समुदायों को भूमि की पहचान करने तथा वृक्षारोपण की अनुमति देती है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- इस योजना के विचार को सर्वप्रथम गुजरात सरकार द्वारा विकसित किया गया था परंतु वर्ष 2013 से इसे पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय (Ministry of Environment, Forest and Climate Change) से अनुमति नहीं मिली। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

**42. (d)**

**व्याख्या:**

- भारतीय कोबरा का वैज्ञानिक नाम 'नाजा नाजा' है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- हाल ही में भारत के वैज्ञानिकों सहित वैज्ञानिकों के एक समूह ने भारत के सबसे जहरीले साँपों में से एक 'भारतीय कोबरा' (Indian Cobra) के जीनोम (Genome) को अनुक्रमित (Sequenced) किया है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

43. (d)

**व्याख्या:**

- NEST का उद्देश्य नई और उभरती प्रौद्योगिकी से संबंधित मामलों में विदेश मंत्रालय को सलाह प्रदान करना है। **अतः कथन 1 सही है।**
- NEST केंद्रीय विदेश मंत्रालय के अंतर्गत एक प्रभाग है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- इसकी स्थापना की घोषणा 1 जनवरी 2020 को की गई थी। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**44. (a)**

**व्याख्या:**

- गृह मंत्रालय ने अपराध के प्रति 'शून्य सहनशीलता' (Zero Tolerance) की नीति को आगे बढ़ाते हुए शीघ्र न्याय दिलाने के प्रयास के अंतर्गत, आपराधिक मामलों में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर परस्पर वैधानिक सहायता (Mutual Legal Assistance-MLA) प्रक्रिया में तेजी लाने तथा उसे सुसंगत बनाने की दिशा में कदम उठाए हैं। **अतः कथन 1 सही है।**
- इस प्रकार की गतिविधियों के लिये गृह मंत्रालय को नोडल मंत्रालय और केंद्रीय प्राधिकरण का दर्ज़ा दिया गया है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

**45.(b)**

**व्याख्या:**

- नेत्रावली वन्यजीव अभयारण्य पूर्वी गोवा के संुगुम तालुका में काली नदी के बेसिन में स्थित है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- कोटिगाओ वन्यजीव अभ्यारण्य दक्षिणी गोवा के कैनाकोना तालुका (Canacona Taluka) में स्थित है। **अतः कथन 2 सही है।**

**46. (b)**

**व्याख्या:**

- हाल ही में भारतीय रिज़र्व बैंक ने 2019-2024 की अवधि के लिये 'वित्तीय समावेशन हेतु राष्ट्रीय कार्यनीति' (National Strategy for Financial Inclusion) तैयार करने की प्रक्रिया प्रारंभ की गई है। **अत: विकल्प b सही है।**

**47. (b)**

**व्याख्या:**

- राज्य ऊर्जा दक्षता सूचकांक के तहत तर्कसंगत तुलना के लिये राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को कुल प्राथमिक ऊर्जा आपूर्ति (Total Primary Energy Supply-TPES) पर आधारित चार समूहों- फ्रंट रनर (Front Runner), अचीवर (Achiever), कंटेंडर (Contender) और एस्पिरेंट (Aspirant) में बाँटा गया है। **अत: कथन 1 सही है।**
- हरियाणा, केरल और कर्नाटक वर्ष 2019 के लिये 'अचीवर' समूह में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले राज्य हैं। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- यह सूचकांक 97 महत्त्वपूर्ण संकेतकों के आधार पर 36 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों (29 राज्य और 7 केंद्रशासित प्रदेश) में ऊर्जा दक्षता (Energy Efficiency-EE) पहल की प्रगति के बारे में जानकारी प्रदान करता है। यद्यपि वर्तमान में 28 राज्य और 9 केंद्रशासित प्रदेश हैं लेकिन राज्य ऊर्जा दक्षता सूचकांक 2019 में जम्मू-कश्मीर और लद्दाख को सामूहिक रूप से शामिल किया गया है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**48. (b)**

**व्याख्या:**

- संविधान के अनुच्छेद 143(1) के अनुसार, यदि किसी समय राष्ट्रपति को प्रतीत होता है कि विधि या तथ्य का कोई ऐसा प्रश्न उत्पन्न हुआ है या उत्पन्न होने की संभावना है, जो ऐसी प्रकृति का और ऐसे व्यापक महत्व का है कि उस पर उच्चतम न्यायालय की राय प्राप्त करना समीचीन है, तो वह उस प्रश्न को विचार करने के लिये उस न्यायालय को निर्देशित कर सकेगा और वह न्यायालय, ऐसी सुनवाई के पश्चात् जो वह ठीक समझता है, राष्ट्रपति को उस पर अपनी राय प्रतिवेदित कर सकेगा। **अत: विकल्प (b) सही है।**

**49. (c)**

**व्याख्या:**

- चीनी पैडलफिश जिसका वैज्ञानिक नाम सेफुरुस ग्लाडिअस (Psephurus Gladius) है, मछलियों की एक प्रजाति थी जिसकी लंबाई 7 मीटर यानी 23 फीट तक थी। माना जाता है कि इसकी उत्पत्ति 200 मिलियन साल पहले हुई थी जब धरती पर डायनासोर की उपस्थिति थी। **अत: कथन 1 सही है।**
- चीनी पैडलफिश को वर्ष 2019 में विलुप्त घोषित कर दिया गया। **अत: कथन 2 सही है।**

**50. (b)**

**व्याख्या:**

- सेके भाषा नेपाल में तिब्बती सीमा से संबद्ध क्षेत्र के सिर्फ पाँच गाँवों चुक्संग (Chuksang), चैले (Chaile), ग्याकर (Gyakar), तांगबे (Tangbe) और तेतांग (Tetang) में बोली जाती है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- सेके की तीन कथित बोलियाँ तांगबे (Tangbe), टेटांग (Tetang) और चुक्संग (Chuksang) हैं। विश्व में सिर्फ 700 लोग ही सेके भाषा बोलते हैं। यह दुनिया में लुप्तप्राय भाषाओं (Endangered Languages) में से एक है। **अत: कथन 2 सही है।**

**51. (b)**

**व्याख्या:**

- 44वें संविधान संशोधन, 1978 से पहले यह अनुच्छेद-31 के अंतर्गत एक मौलिक अधिकार था, परंतु इस संशोधन के बाद इस अधिकार को अनुच्छेद- 300(A) के अंतर्गत एक विधिक अधिकार के रूप में स्थापित किया गया है। **अत: कथन 1 और 3 सही नहीं हैं जबकि कथन 2 सही है।**

**नोट :**

52. ( d )

व्याख्या:

- बोज्जनकोंडा तथा लिंगलामेत्ता ईसा पूर्व तीसरी शताब्दी में आंध्र प्रदेश में स्थापित जुड़वाँ बौद्ध मठ हैं। **अत: कथन 1 और 2 दोनों सही नहीं हैं।**

53. ( c )

व्याख्या:

- संयुक्त राज्य अमेरिका के नेशनल सेंटर फॉर बायोटेक्नोलॉजी इनफार्मेशन (National Centre for Biotechnology Information-NCBI) के अनुसार H9N2 वायरस जंगली पक्षियों में विशेष रूप से पाए जाते है। **अत: कथन 1 सही है।**
- मनुष्यों में H9N2 वायरस के संक्रमण का पहला मामला वर्ष 1998 में हांगकांग में चिन्हित किया गया। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- H9N2 वायरस, इन्फ्लूएंजा वायरस A का एक उप-प्रकार/सबटाईप है, जो ह्यूमन इन्फ्लूएंजा के साथ-साथ बर्ड फ्लू का भी कारण है। **अत: कथन 3 सही है।**

54. ( c )

व्याख्या:

- 'सेके' भाषा को संविधान की आठवीं अनुसूची में नहीं रखा गया है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- अधिकतर सेके भाषी लोग नेपाल के मुस्तांग ज़िले में रहते हैं। **अत: कथन 2 सही है।**
- 'सेके' भाषा को यूनेस्को की संकटग्रस्त (Definitely Endangered) भाषाओं की सूची में रखा गया है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

55. ( d )

व्याख्या:

- भारतीय लोमड़ी या बंगाल फॉक्स (Indian Fox/Bengal Fox) का वैज्ञानिक नाम वुलपेस बेंगालेंसिस (Vulpes Ben¬galen¬sis) है। इसका मूल निवास भारत, नेपाल और पाकिस्तान सहित पूरा भारतीय उपमहाद्वीप है। इसे IUCN की लाल सूची में 'कम चिंतनीय' (Least Concerned) श्रेणी में रखा गया है। **अत: विकल्प ( d ) सही है।**

56. ( a )

व्याख्या:

- काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान असम राज्य में स्थित है। विश्व के दो-तिहाई एक सींग वाले गैंडे काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान में ही पाए जाते हैं। **अत: कथन 1 सही है।**
- हाल ही में यहाँ दूसरी आर्द्रभूमि पक्षी गणना संपन्न हुई है। ज्ञातव्य है कि वर्ष 1985 में काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान को यूनेस्को की विश्व धरोहर स्थल की सूची में शामिल किया गया। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

57.( c )

व्याख्या:

- केंद्रीय दुर्घटना डेटाबेस प्रबंधन प्रणाली छह राज्यों-कर्नाटक, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान, तमिलनाडु और उत्तर प्रदेश में प्रारंभ की जाएगी, क्योंकि इन राज्यों में सड़क दुर्घटना से होने वाली मौतों की संख्या सर्वाधिक है। **अत: विकल्प ( c ) सही है।**

58. ( c )

व्याख्या:

- इकोनॉमिस्ट इंटेलिजेंस यूनिट की स्थापना इकोनॉमिस्ट ग्रुप के तहत वर्ष 1946 में की गई थी।
- इसका कार्य पूर्वानुमान और सलाहकारी सेवाएँ प्रदान करना है। इसका मुख्यालय लंदन में स्थित है। **अत: कथन 1 और 2 दोनों सही है।**

नोट :

**59. (c)**

**व्याख्या:**

- नियॉन (NEON) विश्व का पहला कृत्रिम मानव (Artificial Human) है जिसे सैमसंग कंपनी की स्टार लैब के सीईओ प्रणव मिस्त्री (भारतीय वैज्ञानिक) की अध्यक्षता में बनाया गया है। **अतः कथन 1 सही है।**
- NEON, Core R3 (कोर आर3) तकनीक पर आधारित है। इस तकनीक के द्वारा NEON पल भर में प्रतिक्रिया देने में समर्थ है। **अतः कथन 2 सही है।**

**60. (d)**

**व्याख्या:**

- भारत सरकार ने वर्ष 2013 में प्रो. वर्जिनियस शाशा (Prof. Virginius Xaxa) की अध्यक्षता में एक उच्चस्तरीय समिति का गठन किया था। शाशा समिति को जनजातीय समुदायों की सामाजिक, आर्थिक, शैक्षिक और स्वास्थ्य स्थिति की जाँच करने और उनमें सुधार हेतु उपयुक्त हस्तक्षेपकारी उपायों की सिफारिश करने का कार्यभार सौंपा गया था। समिति ने मई 2014 में अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की। **अतः विकल्प (d) सही है।**

**61.(c)**

**व्याख्या:** सर्वोच्च न्यायालय को भारत के संघीय ढाँचे की विभिन्न इकाइयों के बीच किसी विवाद पर आरंभिक अधिकारिता की शक्ति प्राप्त है। ये विवाद निम्नलिखित है-

- केंद्र व एक या अधिक राज्यों के बीच उत्पन्न विवाद। **अतः कथन 1 सही है।**
- केंद्र और कोई राज्य या राज्यों का एक ओर होना एवं एक या अधिक राज्यों का दूसरी ओर होना।
- दो या अधिक राज्यों के बीच उत्पन्न विवाद। **अतः कथन 2 सही है।**

**62. (c)**

**व्याख्या:**

- संयुक्त राष्ट्र बाल कोष (United Nations Children's Fund-UNICEF) संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा 11 दिसंबर, 1946 को स्थापित किया गया था। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- पूर्व में इसे संयुक्त राष्ट्र अंतर्राष्ट्रीय बाल आपातकालीन कोष (United Nations International Children's Emergency Fund) कहा जाता था। 1953 में यह संयुक्त राष्ट्र का एक स्थायी हिस्सा बन गया और इस संगठन के नाम में से 'अंतर्राष्ट्रीय' एवं 'आपातकालीन' शब्दों को हटा दिया गया। **अतः कथन 2 सही है।**
- यूनिसेफ को वर्ष 1965 में नोबेल शांति पुरस्कार, वर्ष 1989 में इंदिरा गांधी शांति पुरस्कार और वर्ष 2006 में प्रिंस ऑफ अस्तुरियस अवॉर्ड मिला था। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**63. (a)**

**व्याख्या:**

- भारत सरकार ने भारतीय द्वीपों के विकास के लिये 1 जून, 2017 को द्वीप विकास एजेंसी का गठन किया था। **अतः कथन 1 सही है।**
- इसकी अध्यक्षता केंद्रीय गृह मंत्री द्वारा की जाती है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

**64.(b)**

**व्याख्या:**

- गैलापागोस नेशनल पार्क इक्वाडोर का पहला राष्ट्रीय उद्यान है, इसे वर्ष 1959 में बनाया गया था। गौरतलब है कि गैलापागोस द्वीपसमूह जो प्रशांत महासागर में स्थित है, को वर्ष 1978 में यूनेस्को के विश्व धरोहर स्थल के रूप में नामित किया गया था।

**65.(b)**

**व्याख्या:** रायसीना डायलॉग 2020 की थीम- नेविगेटिंग द अल्फा सेंचुरी "(Navigating the Alpha Century)" है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**

नोट :

- इसका आयोजन विदेश मंत्रालय और ऑब्जर्वर रिसर्च फाउंडेशन (Observer Research Foundation- ORF) के द्वारा संयुक्त रूप से किया जाता है। **अत: कथन 2 सही है।**

**66. (c)**

**व्याख्या:**

- ब्रू समुदाय पूर्वोत्तर भारत तथा बांग्लादेश के चटगाँव पहाड़ी क्षेत्र में रहने वाला एक जनजातीय समूह है। **अत: कथन 1 सही है।**
- ब्रू समुदाय को त्रिपुरा में रिआंग (Reang) नाम से भी जाना जाता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- इस समुदाय के लोग खासी नहीं बल्कि ब्रू भाषा बोलते हैं। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**67. (c)**

**व्याख्या:**

- केंद्रीय दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण को किशोर न्याय (बच्चों की देखभाल एवं संरक्षण) अधिनियम, 2015 के प्रावधानों के तहत 15 जनवरी, 2016 को एक सांविधिक निकाय के रूप में नामित किया गया था। यह भारत सरकार के महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के अंतर्गत आता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- यह भारतीय अनाथ बच्चों के पालन-पोषण, देखभाल करने एवं उन्हें गोद देने के लिये एक नोडल एजेंसी के रूप में कार्य करता है। **अत: कथन 2 सही है।**

**68. (b)**

**व्याख्या:**

- हेनले पासपोर्ट सूचकांक 2020 (Henley Passport Index 2020) में भारत के पासपोर्ट को 84वाँ स्थान प्राप्त हुआ है। जबकि वर्ष 2019 में भारत 82वें स्थान पर था। **अत: कथन 1 सही है।**
- भारतीय सेना के पहले कमांडर-इन-चीफ के.एम. करियप्पा थे। वर्ष 1949 में भारत के अंतिम ब्रिटिश कमांडर-इन-चीफ जनरल फ्राँसिस बुचर द्वारा लेफ्टिनेंट जनरल के.एम. करियप्पा को भारतीय सेना का कमांडर-इन-चीफ नामित करने की याद में 15 जनवरी को सेना दिवस मनाया जाता है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री ने पेट्रोलियम संरक्षण अनुसंधान संघ के वार्षिक जन केंद्रित ईंधन संरक्षण मेगा अभियान 'सक्षम 2020' (SAKSHAM 2020) का शुभारंभ किया। **अत: कथन 3 सही है।**

**69. (c)**

**व्याख्या:**

- तिब्बत की पीपुल्स कॉन्ग्रेस ने नृजातीय एकता (Ethnic Unity) को अनिवार्य करने वाला एक कानून पारित किया है। **अत: कथन 1 सही है।**
- तिब्बत में यह कानून 1 मई 2020 से प्रभावी होगा। **अत: कथन 2 सही है।**

**70. (b)**

**व्याख्या:**

- शिक्षा की वार्षिक स्थिति रिपोर्ट (ASER), 2019 इस श्रृंखला की 14वीं रिपोर्ट है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- यह रिपोर्ट मुख्यत: 0-8 वर्ष आयु वर्ग (Early Years) के छोटे बच्चों पर केंद्रित है। **अत: कथन 2 सही है।**
- असर (ASER), 2019 में भारत के 24 राज्यों के 26 ज़िलों में आयोजित सर्वेक्षण में कुल 1,514 गाँवों; 30,425 घरों और 4-8 वर्ष आयु वर्ग के 36,930 बच्चों को शामिल किया गया है। **अत: कथन 3 सही है।**

**71. (d)**

**व्याख्या:**

- नेशनल ओशनिक एंड एटमोस्फियरिक एडमिनिस्ट्रेशन (National Oceanic and Atmospheric Administration- NOAA) संयुक्त राज्य अमेरिका के वाणिज्य विभाग के अंतर्गत स्थापित की गई एक संस्था है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**

नोट :

- वर्ष 1970 में स्थापित NOAA का उद्देश्य जलवायु, मौसम, महासागरों और तटीय स्थितियों में परिवर्तन को समझना तथा उनकी भविष्यवाणी करना है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

**72. (c)**

**व्याख्या:**

- के9 वज्र-टी 155 मिमी./52-कैलिबर की एक स्वचालित होवित्जर (कम वेग के साथ उच्च प्रक्षेपण पथ पर गोले दागने के लिये एक छोटी बंदूक) तोप है। **अतः कथन 1 सही है।**
- के9 वज्र-टी को विकसित करने में दक्षिण कोरिया की हन्व्हा टेकविन (Hanwha Techwin) की लार्सन एंड टुब्रो (L&T) के साथ प्रौद्योगिकी क्षेत्र में भागीदारी है। **अतः कथन 2 सही है।**

**73. (b)**

**व्याख्या:**

- ज़ास्कर नदी लद्दाख में उत्तर की ओर बहने वाली सिंधु की सहायक नदी है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- ज़ास्कर नदी के ऊपरी प्रवाह की दो मुख्य धाराएँ हैं। इसकी पहली धारा जिसे डोडा (Doda) कहा जाता है, का उद्गम पेन्सी ला (Pensi La) दर्रे के पास से होता है और इसकी दूसरी धारा का निर्माण कर्ग्याग नदी (Kargyag River) और त्सराप नदी (Tsarap River) से होता है। ये दोनों नदियाँ पुरने गाँव के पास आपस में मिलकर लुंगणक नदी (Lungnak river) का निर्माण करती हैं। यहाँ से लुंगणक नदी ज़ास्कर घाटी में उत्तर-पश्चिम की ओर बहती है और डोडा नदी से मिलने के बाद ज़ास्कर नदी का निर्माण करती है। **अतः कथन 2 सही है।**

**74. (d)**

**व्याख्या:**

- एमके1 तेजस एक स्वदेशी लड़ाकू विमान है। **अतः कथन 1 सही है।**
- इसे एरोनॉटिकल डेवलपमेंट एजेंसी और हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड द्वारा संयुक्त रूप से विकसित किया गया है। **अतः कथन 2 सही है।**
- एमके1 तेजस के विमान वाहक पोत की 200 मीटर लंबी हवाई पट्टी पर उतरने एवं उड़ान भरने के साथ ही भारत, संयुक्त राज्य अमेरिका, यूनाइटेड किंगडम, रूस और चीन के समूह में शामिल हो गया है जिनके पास पहले से ही ऐसी क्षमता है। **अतः कथन 3 सही है।**

**75.(d)**

**व्याख्या:**

- NDRF की स्थापना वर्ष 2006 में की गई थी। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- वर्तमान में इस संस्था में CISF, SSB एवं ITBP जैसे सुरक्षा बलों के कुछ सदस्य भी शामिल हैं। **अतः कथन 2 सही है।**
- NDRF की स्थापना आपदा प्रबंधन अधिनियम- 2005 के तहत की गई थी। **अतः कथन 3 सही है।**

**76. (a)**

**व्याख्या:**

- REDD+, UNFCCC के अंतर्गत परिभाषित एक तंत्र है जो विकासशील देशों को निर्वनीकरण एवं वन निम्नीकरण में कमी द्वारा उनके उत्सर्जन कटौती के लिये प्रेरित करता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- REDD+ पहलों में शामिल वन कार्बन भागीदारी सुविधा तथा वन निवेश कार्यक्रम की मेजबानी वर्ल्ड बैंक द्वारा की जा रही है, न कि UNDP द्वारा। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

**77. (d)**

**व्याख्या:**

- वर्ष 2019 में सर्वोच्च न्यायालय द्वारा 27 मामलों में मृत्यु-दंड की सजा पर सुनवाई की गई। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- वर्ष 2019 में सत्र न्यायालयों द्वारा 102 व्यक्तियों को मृत्यु-दंड दिया गया। **अतः कथन 2 सही है।**
- वर्ष 2019 में यौन अपराधों के मामलों में मृत्यु-दंड की प्रतिशतता 52.94 थी। **अतः कथन 3 सही है।**

**नोट :**

78. ( c )

व्याख्या:

- कत्थक उत्तर प्रदेश की ब्रजभूमि की रासलीला परंपरा से जुड़ा हुआ है। इसमें पौराणिक कथाओं के साथ ही ईरानी एवं उर्दू कविता से ली गई विषय वस्तुओं का नाटकीय प्रस्तुतीकरण किया जाता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- भारत के शास्त्रीय नृत्यों में केवल कत्थक का ही संबंध मुस्लिम संस्कृति से रहा है। इसे ध्रुपद एवं ठुमरी गायन के माध्यम से व्यक्त किया जाता है। **अत: कथन 2 सही है।**

79.( b )

व्याख्या:

- इस समिति का अध्यक्ष भारत का प्रधानमंत्री है, इसके अतिरिक्त सदस्यों के रूप में केंद्रीय गृह मंत्री, वित्त मंत्री, सूक्ष्म लघु एवं मझोले उद्यम मंत्री और वाणिज्य मंत्री शामिल हैं। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- निवेश और विकास पर कैबिनेट समिति (Cabinet Committee on Investment & Growth- CCIG) का गठन मई 2019 में किया गया था। **अत: कथन 2 सही है।**

80. ( d )

व्याख्या:

- नलबण पक्षी अभयारण्य ओडिशा की चिल्का झील के बीच में नलबणा द्वीप पर स्थित है। मानसून ऋतु में झील में जल की अधिकता के कारण यह द्वीप डूब जाता है। यह पक्षी अभयारण्य 15.53 वर्ग किमी. क्षेत्र में फैला है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- इसे वन्यजीव संरक्षण अधिनियम 1972 के तहत वर्ष 1987 में पक्षी अभयारण्य घोषित किया गया था। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

81. ( a )

व्याख्या:

- के-4 एक परमाणु बैलिस्टिक मिसाइल है जिसको अरिहंत श्रेणी की परमाणु पनडुब्बी में तैनात किया जाएगा। जिससे भारत को समुद्र के अंदर से परमाणु हथियारों को लॉन्च करने की क्षमता प्राप्त होगी। **अत: कथन 1 सही है।**
- इसकी मारक क्षमता 3500 किलोमीटर है और इसे एंटी-बैलिस्टिक मिसाइल डिफेंस सिस्टम ट्रैक नहीं कर सकता है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

82. ( b )

व्याख्या:

- देश को यूरिया उत्पादन के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से सरकार ने वर्ष 2016 में गोरखपुर, सिंदरी और बरौनी में स्थित तीन रुग्ण यूरिया संयंत्रों के पुनरुद्धार की स्वीकृति दी। जिनका पुनरुद्धार हिंदुस्तान उर्वरक एवं रसायन लिमिटेड (Hindustan Urvarak & Rasayan Limited- HURL) द्वारा किया जा रहा है। **अत: विकल्प ( b ) सही है।**

83.( d )

व्याख्या:

- गोंड विश्व के सबसे बड़े आदिवासी समूहों में से एक हैं। यह भारत की सबसे बड़ी जनजाति है इसका संबंध प्राक-द्रविड़ प्रजाति से है। **अत: कथन 1 सही है।**
- बैगा जनजाति मुख्य रूप से मध्य प्रदेश में पाई जाती है। बैगा जनजाति विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों (Particularly Vulnerable Tribal Groups-PVTGs) में से एक है। **अत: कथन 2 सही है।**
- खोंड जनजाति विशेष तौर पर ओडिशा राज्य की पहाड़ियों और जंगलों में निवास करती है। यह जनजाति कुई (Kui) (द्रविड़ भाषा) और इसकी दक्षिणी बोली कुवी (Kuwi) बोलती है। **अत: कथन 3 सही है।**

नोट :

**84.( d )**

- विश्व स्वास्थ्य संगठन (World Health Organisation- WHO) ने पुणे स्थित सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (Serum Institute of India) द्वारा विकसित न्यूमोकोकल वैक्सीन 'न्यूमोसिल' (PNEUMOSIL) को आरंभिक स्तर पर स्वीकृति प्रदान कर दी है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- वैक्सीन को तीसरे चरण के परीक्षण (मानव नैदानिक परीक्षण का अंतिम चरण) के परिणामों के आधार पर यह स्वीकृति दी गई। ध्यातव्य है कि तीसरे चरण का परीक्षण पश्चिम अफ्रीकी देश गाम्बिया में 2,250 बच्चों पर किया गया था। पहले और दूसरे चरण के परीक्षण भारत में किये गए थे। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

**85. ( c )**

**व्याख्या:**

- इरावदी डॉल्फिन एक सुंदर स्तनपायी जलीय जीव है इसे अंतर्राष्ट्रीय प्रकृति संरक्षण संघ (International Union for Conservation of Nature-IUCN) की लाल सूची में संकटग्रस्त (Endangered) श्रेणी में रखा गया है। वैज्ञानिक नाम ऑरकाले ब्रेविरियोस्ट्रिस (Orcaella brevirostris) है। **अत: कथन 1 सही है।**
- इस डॉल्फिन प्रजाति का नाम म्याँमार की इरावदी नदी के नाम पर रखा गया है। इरावदी नदी में ये बड़ी संख्या में पाई जाती हैं। इरावदी नदी इनका प्राकृतिक वासस्थल है। **अत: कथन 2 सही है।**

**86. ( d )**

**व्याख्या:**

- पूर्वी घाट की प्रमुख पहाड़ियों का क्रम उत्तर से दक्षिण की ओर क्रम इस प्रकार है-
- नल्लामलाई पहाड़ी, वेलीकोंडा पहाड़ी, पालकोंडा पहाड़ी, नगारी पहाड़ी। **अत: विकल्प ( d ) सही है।**

**87. ( d )**

**व्याख्या:**

- परमाणु अप्रसार संधि पर वर्ष 1968 में हस्ताक्षर किये गए, जो वर्ष 1970 से प्रभावी है। **अत: कथन 1 सही है।**
- वर्तमान में इस संधि में 191 देश शामिल हैं। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- भारत ने इस संधि पर हस्ताक्षर नहीं किये हैं। भारत का विचार है कि NPT संधि भेदभावपूर्ण है अत: इसमें शामिल होना उचित नहीं है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**88. ( a )**

**व्याख्या:**

- व्यतिकारी राज्यक्षेत्र भारत की सीमा के बाहर स्थित ऐसे देश या क्षेत्र हैं जिनके न्यायालयों के निर्णय भारत में तथा भारत के न्यायालयों के निर्णय उस देश या क्षेत्र में पारस्परिक रूप से लागू होते हैं। **अत: कथन 1 सही है।**
- विधि और न्याय मंत्रालय ने अधिसूचना ज़ारी कर संयुक्त अरब अमीरात (United Arab Emirates-UAE ) को भारत का व्यतिकारी राज्यक्षेत्र (Reciprocating Territory) घोषित कर दिया है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

**89. ( b )**

**व्याख्या:**

- सफेद राइनो को अंतर्राष्ट्रीय प्रकृति संरक्षण संघ (International Union for Conservation of Nature-IUCN) की लाल सूची में निकट संकटग्रस्त (Near Threatened) की श्रेणी में रखा गया है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- सफेद राइनो की आनुवंशिक रूप से भिन्न दो उप-प्रजातियाँ (उत्तरी सफेद राइनो और दक्षिणी सफेद राइनो) मौजूद हैं और ये अफ्रीकी महाद्वीप में दो अलग-अलग क्षेत्रों में पाए जाते हैं। **अत: कथन 2 सही है।**

नोट :

90. ( d )

**व्याख्या:**

- रणथम्भौर राष्ट्रीय उद्यान राजस्थान के सवाई माधोपुर जिले (अरावली और विंध्य पर्वत शृंखलाओं के जंक्शन पर) में स्थित है। **अत: कथन 1 सही है।**
- रणथम्भौर राष्ट्रीय उद्यान दक्षिण में चंबल नदी और उत्तर में बनास नदी से घिरा हुआ है। **अत: कथन 2 सही है।**
- इसे वर्ष 1973 में 'प्रोजेक्ट टाइगर' के तहत बाघ संरक्षण का दर्जा दिया गया और वर्ष 1980 में इसे राष्ट्रीय उद्यान का दर्जा मिला। **अत: कथन 3 सही है।**

91. ( d )

**व्याख्या:**

- राष्ट्रीय स्टार्टअप सलाहकार परिषद की अध्यक्षता वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री द्वारा की जाएगी। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्द्धन विभाग (Department for Promotion of Industry and Internal Trade) का संयुक्त सचिव इस परिषद का संयोजक होगा। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

92. ( d )

**व्याख्या:**

- हाल ही में स्विट्ज़रलैंड के दावोस में विश्व आर्थिक मंच की वार्षिक बैठक के दौरान 'HIV/एड्स पर संयुक्त राष्ट्र का कार्यक्रम' (The Joint United Nations Programme on HIV/AIDS- UNAIDS) के उच्च स्तरीय गोलमेज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- इस गोलमेज सम्मेलन की विषय वस्तु (Theme) 'एक्सेस फॉर ऑल: लीवरेजिंग इनोवेशंस, इंवेस्टमेंट्स एंड पार्टनरशिप्स फॉर हेल्थ' (Access for all: Leveraging Innovations, Investments and Partnerships for Health) है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

93.( c )

**व्याख्या:**

- ज़ेनोबोट्स का निर्माण नोकदार पंजे वाले अफ्रीकी मेंढक की कोशिकाओं से किया गया है। वैज्ञानिकों ने मेंढक के भ्रूण से स्क्रैप की गई जीवित कोशिकाओं को फिर से तैयार किया है और उन्हें पूरी तरह से नया रूप दिया है। यह दुनिया का पहला जीवित रोबोट है। **अत: कथन 1 सही है।**
- इसका निर्माण संयुक्त राज्य अमेरिका के वैज्ञानिकों ने किया है। इस रोबोट के द्वारा रेडियोधर्मी संदूषण की खोज करना, महासागरों में माइक्रोप्लास्टिक को इकट्ठा करना जैसे कई कार्यों को किया जा सकता है। **अत: कथन 2 सही है।**

94.( a )

**व्याख्या:**

- यह सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी आधारित सक्रिय शासन और सामयिक कार्यान्वयन (Pro-Active Governance and Timely Implementation- PRAGATI) के लिये बहु उद्देश्यीय मंच है। जो भारत के प्रधानमंत्री को विभिन्न मुद्दों पर जानकारी प्राप्त करने के लिये केंद्र एवं राज्य के अधिकारियों के साथ चर्चा करने में सक्षम बनाता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- इसे वर्ष 2015 में लॉन्च किया गया था। यह मंच तीन प्रौद्योगिकियों (डिजिटल डेटा प्रबंधन, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग और भू-स्थानिक प्रौद्योगिकी) को एक साथ लाता है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

95. ( b )

**व्याख्या:**

- विश्व रोज़गार और सामाजिक दृष्टिकोण रुझान रिपोर्ट (World Employment and Social Outlook Trends Report- WESO Trends Report) को संयुक्त राष्ट्र अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (UN International Labour Organization- ILO) द्वारा जारी किया जाता है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**

नोट :

- रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2020 में वैश्विक बेरोज़गारी में लगभग 2.5 मिलियन की वृद्धि का अनुमान है। **अतः कथन 2 सही है।**

**96. (d)**

**व्याख्या:**

- राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम की शुरुआत जनवरी 2019 में हुई थी। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- यह वायु प्रदूषण की रोकथाम के लिये व्यापक और समयबद्ध रूप से बनाया गया पाँच वर्षीय कार्यक्रम है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

**97. (d)**

**व्याख्या:**

- प्लैटिपस (Platypus) अंतर्राष्ट्रीय प्रकृति संरक्षण संघ (IUCN) की लाल सूची में निकट संकटग्रस्त (Near Threatened) की श्रेणी में रखा गया है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- प्लैटिपस पूर्वी ऑस्ट्रेलिया और तस्मानिया में पाया जाता है। यह एक स्तनधारी जीव है जो बच्चे को जन्म देने के बजाय अंडे देता है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

**98. (b)**

**व्याख्या:**

- वोल्लेमी पाइन (वोल्लेमिया नोबिलिस-Wollemia Nobilis) को अंतर्राष्ट्रीय प्रकृति संरक्षण संघ (IUCN) लाल सूची में अति संकटग्रस्त (Critically Endangered) की श्रेणी में रखा गया है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- वोल्लेमी नेशनल पार्क विश्व का एकमात्र स्थान है जहाँ ये जंगली पेड़ (वोल्लेमी पाइन) पाए जाते हैं। वर्तमान में वोल्लेमी पाइन के 200 से भी कम पेड़ बचे हैं। वोल्लेमी नेशनल पार्क, ग्रेटर ब्लू माउंटेंस एरिया का एक हिस्सा है जिसे यूनेस्को ने विश्व विरासत स्थल घोषित किया है। **अतः कथन 2 सही है।**

**99. (b)**

**व्याख्या:**

- 'शेखर' गुलदाउदी (Chrysanthemum) की एक नई किस्म है। इस नई किस्म को गामा विकिरण द्वारा उत्परिवर्तन प्रेरण (Mutation Induction) की प्रक्रिया से विकसित किया गया है। गुलदाउदी की इस किस्म में दिसंबर के अंत से फरवरी के मध्य तक फूल आते हैं। इसके फूलों का आकार गुम्बद की तरह होता है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- इसे राष्ट्रीय वनस्पति अनुसंधान संस्थान के वैज्ञानिकों ने विकसित किया है। गुलदाउदी एक उष्णकटिबंधीय पौधा है किंतु इसे मूल रूप से यूरेशियन क्षेत्र में उगाया गया था। **अतः कथन 2 सही है।**

**100. (a)**

**व्याख्या:**

- हाल ही में ग्रीनपीस इंडिया द्वारा जारी एयरपोकैलिप्स रिपोर्ट (Airpocalypse Report) के अनुसार 231 भारतीय शहरों में वायु प्रदूषण का उच्च स्तर बरकरार है।
- इस रिपोर्ट के अनुसार, कोयला खदानों के लिये मशहूर झारखंड का झरिया सबसे प्रदूषित शहर है। यहाँ PM-10 (Particulate Matter-10) का वार्षिक औसत स्तर 322 माइक्रोग्राम प्रति घनमीटर रिकॉर्ड किया गया। इस रिपोर्ट के अनुसार दिल्ली भारत का 10वाँ सबसे प्रदूषित शहर है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- रिपोर्ट के अनुसार, मिज़ोरम के लुंगलेई (Lunglei) में सबसे कम वायु प्रदूषण पाया गया। पीएम-10 का वार्षिक औसत स्तर 11 माइक्रोग्राम प्रति घनमीटर दर्ज किया गया। **अतः कथन 2 सही है।**
- प्रदूषण निगरानी कार्यक्रम में शामिल 80 फीसदी से ज़्यादा भारतीय शहरों में पीएम-10 की मात्रा तय मानकों से अधिक है। **अतः कथन 3 सही है।**

नोट :

101. ( c )

व्याख्या:

- इसे जर्मन मीज़ल्स (German Measles) भी कहा जाता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- रूबेला एक संक्रामक रोग है आम तौर पर ये हल्के वायरल संक्रमण हैं जो बच्चों और युवा वयस्कों में सबसे अधिक फैलता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- गर्भवती महिलाओं में रूबेला संक्रमण से भ्रूण की मृत्यु या जन्मजात दोष हो सकते हैं जिसे जन्मजात रुबेला सिंड्रोम (Congenital Rubella Syndrome- CRS) के रूप में जाना जाता है। CRS अपरिवर्तनीय जन्म दोष का कारण बनता है।

102.( c )

व्याख्या:

- भारतीय प्राणी सर्वेक्षण के तहत आने वाले एश्चुअरी बायोलॉजी रीज़नल सेंटर (Estuarine Biology Regional Centre-EBRC) ने समुद्री ईल (EEL) की नई प्रजाति का पता लगाया है। इस नई समुद्री प्रजाति को ओफिचथुस कैलाशचंद्रई (Ophichthus Kailashchandrai) नाम भारतीय प्राणी सर्वेक्षण के निदेशक डॉ. कैलाश चंद्र की भारतीय जीव वर्गीकरण में अहम योगदान का सम्मान करने के लिये दिया गया है। **अत: कथन 1 सही है।**
- भारतीय प्राणी विज्ञान सर्वेक्षण (ZSI) पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के तहत एक संगठन है। इसका मुख्यालय कोलकाता में है तथा वर्तमान में इसके 16 क्षेत्रीय स्टेशन देश के विभिन्न भौगोलिक स्थानों में स्थित हैं। **अत: कथन 2 सही है।**

103.( c )

व्याख्या:

- ज़ीरो बजट नेचुरल फार्मिंग मूल रूप से महाराष्ट्र के एक किसान सुभाष पालेकर द्वारा विकसित रसायन मुक्त कृषि (Chemical-Free Farming) का एक रूप है। यह विधि कृषि की पारंपरिक भारतीय प्रथाओं पर आधारित है। **अत: कथन 1 सही है।**
- आंध्र प्रदेश भारत का पहला ऐसा राज्य है जिसने वर्ष 2015 में ज़ीरो बजट नेचुरल फार्मिंग की शुरुआत की। **अत: कथन 2 सही है।**

104. ( a )

व्याख्या:

- पश्चिमी तट के प्रमुख बंदरगाहों का उत्तर से दक्षिण की ओर क्रम इस प्रकार है- दीनदयाल पोर्ट (गुजरात), जवाहरलाल नेहरू पोर्ट (महाराष्ट्र), मर्मुगाओ पोर्ट (गोवा), न्यू मंगलौर पोर्ट (कर्नाटक)। **अत: विकल्प ( a ) सही है।**

105. ( d )

व्याख्या:

- नलबाना पक्षी अभयारण्य ओडिशा की चिल्का झील के बीच में नलबाना द्वीप पर स्थित है। मानसून ऋतु में झील में जल की अधिकता के कारण यह द्वीप डूब जाता है। यह पक्षी अभयारण्य 15.53 वर्ग किमी. क्षेत्र में फैला है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- इसे वन्यजीव संरक्षण अधिनियम 1972 के तहत वर्ष 1987 में पक्षी अभयारण्य घोषित किया गया था। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

106. ( d )

व्याख्या:

- रेड नोटिस (Red Notice): यह नोटिस सभी इंटरपोल सदस्य देशों में संदिग्धों को ट्रैक करने और गिरफ्तार करने के लिये सुरक्षा एजेंसियों को अनुमति देता है ताकि उनके खिलाफ प्रत्यर्पण की कार्रवाई शुरू की जा सके।
- ब्लैक नोटिस (Black Notice): अज्ञात शवों की जानकारी लेने के लिये।
- ब्लू नोटिस (Blue Notice): यह नोटिस किसी अपराध के संबंध में व्यक्ति की पहचान, स्थान या गतिविधियों के बारे में अतिरिक्त जानकारी एकत्र करने के लिये जारी किया जाता है। **अत: विकल्प ( d ) सही है।**

नोट :

107.(c)

**व्याख्या:**

- हाल ही में वैश्विक प्रतिभा प्रतिस्पर्द्धा सूचकांक-2020 (Global Talent Competitive Index-2020) को इनसीड (INSEAD) बिज़नेस स्कूल द्वारा गूगल (Google) और एडिको समूह (Adecco Group) के सहयोग से जारी किया गया है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- इस सूचकांक में भारत को 40.42 के स्कोर के साथ 72वाँ स्थान प्राप्त हुआ है। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2019 में जारी इस सूचकांक में भारत को 80वाँ स्थान प्राप्त हुआ था। **अतः कथन 2 सही है।**
- अगर भारत के स्थान की ब्रिक्स (BRICS) देशों से तुलना की जाए तो निम्नलिखित तीन देशों ने भारत से बेहतर प्रदर्शन किया है-
  - चीन- 42वाँ स्थान
  - रूस- 48वाँ स्थान
  - दक्षिण अफ्रीका- 70वाँ स्थान
- वहीं भारत ने ब्राज़ील (80वाँ स्थान) से बेहतर प्रदर्शन किया है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

108.(a)

**व्याख्या:**

- आयकर अपीलीय अधिकरण एक अर्द्ध-न्यायिक (Quasi-Judicial) संस्था है जिसे वर्ष 1941 में आयकर अधिनियम, 1922 की धारा 5A के तहत स्थापित किया गया था। **अतः कथन 1 सही है।**
- शुरुआत में इसकी तीन बेंच थीं जो दिल्ली, कोलकाता (कलकत्ता) और मुंबई (बॉम्बे) में स्थित थीं किंतु वर्तमान में इसकी लगभग सभी शहरों को कवर करने वाले 27 विभिन्न स्टेशनों पर 63 बेंच हैं। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

109. (c)

**व्याख्या:**

- भारतीय संविधान का भाग 15 चुनावों से संबंधित है जिसमें चुनावों के संचालन के लिये एक आयोग की स्थापना करने की बात कही गई है। भारत निर्वाचन आयोग देश में लोकसभा, राज्यसभा, राज्य विधानसभाओं, राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति के चुनाव का संचालन करता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- इसकी स्थापना 25 जनवरी, 1950 को संविधान के अनुसार की गई थी। संविधान के अनुच्छेद 324 से 329 तक चुनाव आयोग और सदस्यों की शक्तियों, कार्य, कार्यकाल, पात्रता आदि से संबंधित हैं। **अतः कथन 2 सही है।**

110. (c)

**व्याख्या:**

- भारतीय संविधान की 10वीं अनुसूची में 'दल बदल विरोधी कानून' (Anti-Defection Law) उपबंधित है। अतः विकल्प 1 सही है।
- 52वें संविधान संशोधन 1985 द्वारा भारतीय संविधान में 'दल बदल विरोधी कानून' की व्यवस्था की गई है। **अतः विकल्प 2 सही है।**

111. (b)

**व्याख्या:**

- भारत पर्व का आयोजन केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय करता है। यह आयोजन गणतंत्र दिवस समारोह का ही हिस्सा है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- एक भारत, श्रेष्ठ भारत के संबंध में प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण के मद्देनज़र भारत पर्व का आयोजन वर्ष 2016 से गणतंत्र दिवस समारोह के हिस्से के रूप में किया जा रहा है। **अतः कथन 2 सही है।**

नोट :

**112.(c)**

**व्याख्या:**

- नट्रीअल्बा स्वरुपिए आर्किया नामक सूक्ष्मजीव की नई किस्म है। इस नए आर्किया को नट्रीअल्बा स्वरुपिए (Natrialba Swarupiae) नाम जैव प्रौद्योगिकी विभाग की सचिव डॉ रेनू स्वरूप की देश में माइक्रोबियल विविधता अध्ययनों में उनकी पहल के लिये दिया गया है। **अत: कथन 1 सही है।**
- इसे नेशनल सेंटर फॉर माइक्रोबियल रिसोर्स (National Centre for Microbial Resource) के वैज्ञानिकों ने खोजा है। इसकी शुरुआत वर्ष 2009 में माइक्रोबियल कल्चर कलेक्शन (MCC) के रूप में हुई थी। अप्रैल, 2017 में माइक्रोबियल कल्चर कलेक्शन (MCC) को नेशनल सेंटर फ़ॉर माइक्रोबियल रिसोर्स (NCMR) में बदल दिया गया। यह नेशनल सेंटर फॉर सेल साइंस का एक हिस्सा है। **अत: कथन 2 सही है।**

**113.(c)**

**व्याख्या:**

- कर्नाटक राज्य की प्रमुख झीलें हैं- कुंडवाड़ा झील, कोंडाजजी झील, जरागनाहल्ली झील, पम्पा सरोवर, होन्नामामा झील। पुलिकट झील और कोडाइकनाल झील का संबंध तमिलनाडु राज्य से है। **अत: विकल्प C सही है।**

**114. (d)**

**व्याख्या:**

- केरल की सीमा से सटे तमिलनाडु के थेनी ज़िले में बोडी पहाड़ियों को विज्ञान के एक अहम प्रयोगस्थल 'न्यूट्रिनो वेधशाला' के लिये चुना गया है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- सन् 1933 में प्रसिद्ध वैज्ञानिक एनरिको फर्मि (Enrico Fermi) ने न्यूट्रिनो कणों का नामकरण किया। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

115.(c)

**व्याख्या:**

- ट्रेडमार्क एक प्रकार की बौद्धिक संपदा है। ट्रेडमार्क एक संकेत है जो एक उद्यम की वस्तुओं या सेवाओं को अन्य उद्यमों से अलग करने में सक्षम है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- ट्रेडमार्क स्वामी एक व्यक्ति, व्यावसायिक संगठन या कोई कानूनी इकाई हो सकता है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

**116. (a)**

**व्याख्या:**

- गन्ने के लिये उचित एवं लाभप्रद मूल्य (Fair and Remunerative Prices-FRP) कृषि लागत एवं मूल्य आयोग द्वारा तय किया जाता है तथा आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति द्वारा अनुमोदित किया जाता है। **अत: विकल्प (a) सही है।**

**117. (c)**

**व्याख्या:**

- एंटी-सैटेलाइट मिसाइल (A-SAT) का परीक्षण मार्च 2019 में मिशन शक्ति के अंतर्गत किया गया था। **अत: कथन 1 सही है।**
- अब तक रूस, अमेरिका एवं चीन के पास ही यह क्षमता थी और इसे हासिल करने वाला भारत दुनिया का चौथा देश बन गया है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- इसके परीक्षण के लिये अंतरिक्ष में 300 किमी. दूर पृथ्वी की निचली कक्षा (Low Earth Orbit-LEO) में घूम रहे माइक्रोसैट–R को निशाना बनाया गया था। **अत: कथन 3 सही है।**

**118. (b)**

**व्याख्या:**

- ताडोबा-अंधारी टाइगर रिज़र्व मध्य भारत में महाराष्ट्र राज्य के चंद्रपुर ज़िले में स्थित है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- ताडोबा वन्यजीव अभयारण्य और अंधारी वन्यजीव अभयारण्य को संयुक्त रूप से वर्ष 1995 में प्रोजेक्ट टाइगर के तहत टाइगर रिज़र्व का दर्जा दिया गया। इस टाइगर रिज़र्व का क्षेत्रफल लगभग 625.40 वर्ग किमी है। **अत: कथन 2 सही है।**

नोट :

119. (c)

**व्याख्या:**

- ऑपरेशन अलबेरिख को वर्ष 1917 में पश्चिमी मोर्चे पर जर्मनी के सबसे महत्वपूर्ण अभियानों में से एक माना जाता है। इसे प्रथम विश्व युद्ध के दौरान जर्मनी द्वारा मित्र राष्ट्रों के खिलाफ चलाया गया था। यह ऑपरेशन फरवरी 1917 से मार्च 1917 के मध्य चलाया गया था। **अतः कथन 1 सही है।**
- ऑपरेशन अलबेरिख के तहत जर्मनी ने 130 किलोमीटर लंबी हिंडनबर्ग लाइन (जिसे जर्मनों द्वारा सिगफ्रीड (Siegfried Line) लाइन कहा जाता है) किया। जिससे फ्राँस-जर्मनी की सीमा पर जर्मनी की किलेबंदी हो गई। **अतः कथन 2 सही है।**

120. (b)

**व्याख्या:**

- मिस्र की भौगोलिक सीमाएँ इज़राइल, सूडान और लीबिया तीन देशों से मिलती हैं इसके अतिरिक्त मिस्र के उत्तर में भू-मध्य सागर और पूर्व में लाल सागर है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- मिस्र में दुनिया की सबसे लंबी नील नदी बहती है। **अतः कथन 2 सही है।**

121. (c)

**व्याख्या:**

- यह सिख धर्म से संबंधित एक पारंपरिक मार्शल आर्ट है। पंजाबी नाम 'गतका' इस्तेमाल की जाने वाली लकड़ी की छड़ी को संदर्भित करता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- यह युद्ध-प्रशिक्षण का एक पारंपरिक दक्षिण एशियाई रूप है जिसमें तलवारों का अनुकरण करने से पहले लकड़ी के डंडे से प्रशिक्षण लिया जाता है। ऐसा माना जाता है कि छठे सिख गुरु हरगोबिंद ने मुगल काल के दौरान आत्मरक्षा के लिये 'कृपाण' को अपनाया था और दसवें सिख गुरु गोबिंद सिंह ने सभी को आत्मरक्षा के लिये हथियारों का इस्तेमाल करना अनिवार्य कर दिया था। **अतः कथन 2 सही है।**

122.(c)

**व्याख्या:**

- एशियाई चीता को अंतर्राष्ट्रीय प्रकृति संरक्षण संघ (International Union for Conservation of Nature-IUCN) की लाल सूची में 'अति संकटग्रस्त' (Critically Endangered) श्रेणी में रखा गया है और माना जाता है कि यह केवल ईरान में ही पाया जाता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- भारत सरकार ने वर्ष 1951-52 में आधिकारिक रूप से एशियाई चीता को भारत से विलुप्त घोषित किया था। **अतः कथन 2 सही है।**

123. (b)

**व्याख्या:**

- कोरोनावायरस को '2019-nCoV' नाम दिया गया है। **अतः कथन 1 सही है।**
- पहली बार MERS Cov का संक्रमण वर्ष 2012 में सऊदी अरब में देखा गया था। इस कारण इस वायरस को मिडिल ईस्ट रेस्पिरेटरी सिंड्रोम कोरोनावायरस (MERS CoV) कहा जाता है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- SARS CoV से पहली बार वर्ष 2002 में दक्षिण चीन के ग्वांगडोंग प्रांत (Guangdong Province) में मानव में संक्रमण पाया गया। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

124. (d)

**व्याख्या:**

- नागरिकता अधिनियम, 1955 में भारतीय नागरिकता प्राप्त करने के पाँच तरीके बताए गए हैं: जन्म, वंशानुगत, पंजीकरण, देशीयकरण और क्षेत्र समाविष्ट करने के आधार पर। **अतः कथन 1 सही है।**
- नागरिकता अधिनियम, 1955 में भारतीय नागरिकता की समाप्ति से संबंधित तीन आधार निर्धारित किये गए हैं: नागरिकता का परित्याग, बर्खास्तगी और नागरिकता से वंचित किया जाना। **अतः कथन 2 सही है।**

**नोट :**

**125. (a)**

**व्याख्या:**

- द्वितीय विश्वयुद्ध मित्र राष्ट्रों और धुरी राष्ट्रों के मध्य लड़ा गया जिसमें से मित्र राष्ट्रों में ब्रिटेन, संयुक्त राज्य अमेरिका, सोवियत संघ, फ्राँस के अतिरिक्त ब्रिटेन के उपनिवेशों में ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, न्यूज़ीलैंड और दक्षिण अफ्रीका इत्यादि राष्ट्र शामिल थे।
- जबकि धुरी राष्ट्रों में जर्मनी, जापान एवं इटली जैसे राष्ट्र शामिल थे। **अत: विकल्प (a) सही है।**

**126. (d)**

**व्याख्या:**

- इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस (IISc) के शोधकर्त्ताओं ने चावल के दाने से भी छोटा थ्रू द वाल रडार (Through-The-Wall Radar) विकसित किया है। **अत: कथन 1 सही है।**
- इस रडार को संपूरक धातु ऑक्साइड सेमीकंडक्टर (Complementary Metal Oxide Semiconductor-CMOS) तकनीक का उपयोग करके विकसित किया गया है। **अत: कथन 2 सही है।**
- इस रडार चिप के विकास के लिये किया गया अनुसंधान भारत सरकार के इंप्रिंट (IMPRINT) कार्यक्रम के तहत वित्तपोषित था। भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड इस परियोजना में एक सक्रिय भागीदार है। **अत: कथन 3 सही है।**

**127. (b)**

**व्याख्या:**

- यह गोंड जनजाति के मेश्राम कुल (Mesram Clan) के लोगों द्वारा मनाया जाता है। यह मेश्राम कुल के लोगों द्वारा मनाया जाने वाला दूसरा सबसे बड़ा जनजातीय कार्निवल है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- नागोबा जात्रा (Nagoba Jatara) एक आदिवासी त्योहार है जो तेलंगाना राज्य के आदिलाबाद ज़िले में मनाया जाता है। अत: कथन 2 सही है

**128. (c)**

**व्याख्या:**

- भारतीय नौसेना ने मेडागास्कर में चक्रवात डायने (Diane) से प्रभावित लोगों को सहायता और राहत उपलब्ध कराने के लिये ऑपरेशन वनीला (Operation Vanilla) की शुरु किया। **अत: कथन 1 सही है।**
- मेडागास्कर, हिंद महासागर का एक द्वीपीय देश है। यह विश्व का चौथा सबसे बड़ा द्वीप है। मेडागास्कर, हिंद महासागर रिम एसोसिएशन (Indian Ocean Rim Association- IORA) का भी सदस्य है। **अत: कथन 2 सही है।**

**129. (b)**

**व्याख्या:**

- एवनगार्ड मिसाइल हाइपरसोनिक श्रेणी का मिसाइल सिस्टम है। हाइपरसोनिक श्रेणी से आशय है कि इस श्रेणी की मिसाइल ध्वनि की गति से 5 गुना या उससे अधिक तेज़ी से गति करती हैं। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- यह मिसाइल सिस्टम 6000 किमी. दूर स्थित लक्ष्य को सफलतापूर्वक नष्ट कर सकता है और लगभग 2000 किग्रा. भार के परमाणु हथियार ले जाने में सक्षम है। **अत: कथन 2 सही है।**

**130. (a)**

**व्याख्या:**

- इस अधिनियम में धार्मिक स्थानों पर किये गए वास्तु, ज्योतिष, प्रदक्षिणा या पवित्र स्थानों की परिक्रमा संबंधी कार्यों को प्रतिबंध से बाहर रखा गया है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- वर्ष 2017 के इस अधिनियम के तहत कुल 16 प्रथाओं पर प्रतिबंध लगाया गया है। **अत: कथन 2 सही है।**
- 'मदे स्नान' की परंपरा को इस अधिनियम के तहत स्वैच्छिक कर दिया है। **अत: कथन 3 सही है।**

नोट :

131. (a)

**व्याख्या:**

- भारतीय संविधान के अनुच्छेद 112 में यह प्रावधान है कि राष्ट्रपति प्रत्येक वित्त वर्ष में भारत सरकार की अनुमानित प्राप्तियों और व्ययों का विवरण (बजट) संसद के दोनों सदनों में प्रस्तुत कराएगा। **अतः कथन 1 सही है।**
- बजट वित्त मंत्री या उसके द्वारा नामित व्यक्ति के द्वारा संसद के निम्न सदन (लोकसभा) में प्रस्तुत किया जाता है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

132. (c)

**व्याख्या:**

- उपर्युक्त वेधशालाओं का उनके स्थित देश के साथ सही सुमेलन इस प्रकार है-
  - जैमिनी साउथ, सेर्रो टोलोलो इंटर अमेरिकन ऑब्जर्वेटरी- चिली
  - एलबीटी, माउंट ग्रैहम ऑब्जर्वेटर- संयुक्त राज्य अमेरिका
  - डेनियल के. इनौय सोलर टेलीस्कोप- हवाई द्वीप (संयुक्त राज्य अमेरिका) **अतः विकल्प (c) सही है।**

133. (b)

**व्याख्या:**

- सम्प्रीति–2020 भारत और बांग्लादेश के बीच संयुक्त सैन्य अभ्यास है। इसका उद्देश्य भारत और बांग्लादेश की सेनाओं के बीच व्यापक स्तर पर अंतर-संचालन और सहयोग को बढ़ाना है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- यह दोनों देशों के बीच नौवाँ अभ्यास होगा। इसकी शुरुआत वर्ष 2009 में हुई थी। **अतः कथन 2 सही है।**

134. (c)

**व्याख्या:**

- भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान केंद्र (ISRO) ने सरकारी परियोजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन और निगरानी के लिये भुवन पंचायत वेब पोर्टल का तीसरा संस्करण लॉन्च किया है। यह पोर्टल पंचायती राज मंत्रालय की ग्राम पंचायत विकास योजना प्रक्रिया में सहायता करने के लिये भू-स्थानिक सेवाएँ प्रदान करेगा। **अतः कथन 1 सही है।**
- भारत की पहली फ्रूट ट्रेन (Fruit Train) को आंध्र प्रदेश के अनंतपुर ज़िले में ताड़िपत्री (Tadipatri) रेलवे स्टेशन से जवाहरलाल नेहरू पोर्ट (मुंबई) के लिये रवाना किया गया। जहाँ से फलों की खेप को ईरान भेजा जाएगा। **अतः कथन 2 सही है।**

135. (a)

**व्याख्या:**

- संयुक्त राष्ट्र बाल कोष (UNICEF) की स्थापना संयुक्त राष्ट्र महासभा (United Nations General Assembly) द्वारा वर्ष 1946 में की गई थी। **अतः कथन 1 सही है।**
- इसका मुख्यालय अमेरिका के न्यूयॉर्क शहर में स्थित है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**